हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 11 अप्रैल 2025







भक्तिमय रहा वातावरण



## भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव पर निकाली भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भगवान महावीर स्वामी की जयंती के अवसर पर शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शहर के दादाबाड़ी जैन मंदिर परिसर के समीप से निकली इस शोभायात्रा में समाज के सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए।

भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के अवसर पर श्री सकल जैन श्री संघ द्वारा 6 से 10 अप्रैल तक विभिन्न धार्मिक आयोजन किए गए। वहीं आज भगवान महावीर जयंती के अवसर पर भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। इस शोभायात्रा के दौरान शहर में भगवान महावीर स्वामी के भजन गूंजते रहे।भगवान महावीर जन्म कल्याणक अवसर पर निकाली शोभायात्रा का शहर में जगह-जगह स्वागत किया गया। इस भव्य शोभायात्रा में भगवान महावीर की झांकी आकर्षण का केन्द्र रही। शोभायात्रा के दौरान श्रदालुओं ने भगवान महावीर की आरती की और उनके भजनों में झूमते रहे। जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी की जयंती पर निकली शोभायात्रा सदर बाजार क्षेत्र से निकलकर गंज चौक होते हुए शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरी। इस दौरान स्थानीय गंज चौक के समीप जैन मंदिर के सामने और शहर के रेलवे स्टेशन मार्ग स्थित महावीर चौक में महावीर स्तंभ पर ध्वजारोहण किया गया।



### भजनों की प्रस्तुति

शोभायात्रा के दौरान सफेद वस्त्र में पुरूष और पीले केसरिया वस्त्र में महिलाएं शामिल हुई। शोभायात्रा में भजन गायक भावेश बैद ने शानदार भजनों की प्रस्तुति दी। जिसमें श्रद्धालु झूमते चल रहे थे। महावीर जन्म कल्याणक अवसर पर निकाली शोभायात्रा का शहर के महाकाल चौक पर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होंने शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा की और जल वितरण किया। शोभायात्रा में आकर्षक रथ पर सवार होकर भगवान महावीर भक्तों को दर्शन देने निकले। वहीं शोभायात्रा में शहर के जनप्रतिनिधियों के अलावा सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे में युवती की मौत, अन्य घायल



**राजनांदगांव।** बाइक में सवार होकर जा रहे लोग टर्निंग के पास एक पिकअप वाहन के पीछे से टकरा गए। जिससे एक युवती की मौत हो गई। वहीं तीन लोगों को चोंटे आई है। वे शादी का कार्ड बांटने के लिए जा रहे थे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ठेलकाडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम विष्णुपुर निवासी तामेश्वर, संगीता, सुनीता एवं केशरी एक बाइक में सवार होकर शादी का कार्ड बांटने के लिए आज सुबह के समय जा रहे थे। वे विष्णुपुर एवं ग्राम सेम्हरा टर्निंग के पास सुबह लगभग साढे 11 बजे पहुंचे ही थे कि उनकी बाइक एक मालवाहक के पीछे से जा टकराई। जिससे बाइक में सवार उक्त चारों नीचे गिर गए। इस घटना में उन्हें गंभीर चोंटे आई।

**मेडिकल कॉलेज ले जाया गया**

बताया गया कि घायलों को उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज पेंड्री लाया गया, जहां संगीता 23 वर्ष की मृत्यु हो गई। वहीं अन्य दो घायल है। बताया गया कि मृतिका की आगामी दिनों में शादी थी। जिसका कार्ड बांटने जा रहे थे। इधर इस घटना की जानकारी जैसे ही मृतिका के परिजनों को हुई, शोक व्याप्त हो गया है।

## मांय एंगल




### बेमौसम बारिश से सप्लाई बाधित, शहर से लेकर गांव तक रहा अंधेरा

# तूफान के चलते आधा दर्जन पेड़ गिरे देर रात तक शहर में ब्लैक आउट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मौसम में आए बदलाव के बाद बुधवार देर शाम चली अंधड़ और बारिश का असर बिजली सप्लाई पर देखने को मिला। तेज हवाओं के चलते शहर से लेकर गांव तक बिजली तार, खंबे और ट्रांसफार्मर पर असर हुआ। आलम यह रहा कि शहर के जहां आधे से अधिक हिस्सों में पांच से सात घंटे तक लाईट बंद रही। वहीं कई गांव में भी देर रात तक अंधेरा छाया रहा। कर्मचारियों की कमी से जूझने वाले बिजली विभाग गिनती के कर्मी रातभर सुधार कार्य में पसीना बहाते रहे।

मिली जानकारी के अनुसार शहर में तीनों सब-स्टेशन में बेमौसम बारिश के चलते दिक्कतें देखने को मिली। वहीं दर्जनभर से अधिक खंबो में फॉल्ट आ गया था। आधा दर्जन स्थानों में तेज हवाओं से पेड़ गिरने की शिकायत सामने आई। पेड़ गिरने से कई जगह पर तार भी टूट गए थे। इसके अलावा कई जगह जंपर भी कट गए थे। इन सभी समास्या को सुधारने में विभाग के कर्मचारियों को 5 से 7 घंटे का समय लग गया। एक साथ इतनी संख्या में शिकायत आने पर विभाग में भी हड़कंप मच गया था। उल्लेखनीय है कि बुधवार देर शाम मौसम में बदलाव आने के बाद जिले के कई हिस्सों में तेज हवाएं चली और हल्की बारिश देखने को मिली। शहर में भी करीब घंटेभर तक बूंदाबांदी और हल्की बारिश होती रही। जिसके चलते बिजली सप्लाई की समस्या भी देखने को मिली।





### रातभर बजते रहे शिकायती फोन

विभाग से मिली जानकारी के अनुसार देर शाम लगभग 8 बजे से ही शिकायत के फोन आना शुरू हो गया था। शहर के दो दर्जन से अधिक इलाकों में बिजली से जुड़ी समस्या सामने आई। 30 से 40 व्यक्तिगत शिकायतों के अलावा बड़ी संख्या में लोग बिजली दफ्तर पहुंचकर भी अपनी पीड़ा बताते रहे। लोगों की समस्या को सुलझाने के लिए जनप्रतिनिधि भी बिजली दफ्तर के चक्कर काटते रहे।

### स्टॉफ की कमी बड़ी समस्या

शहर में यह पहला मौका नहीं है, जब तेज अंधड़ और बारिश के बाद घंटों बिजली की सप्लाई ठप रही हो, बल्कि पिछले कुछ सालों में लगातार ऐसी स्थिति देखने को मिली है। इसके पीछे का प्रमुख कारण बिजली विभाग में लाईन स्टॉफ की बेहद कमी होना है। बताया गया कि सालों से नई भर्ती नहीं की गई है। आउटसोर्सिंग के माध्यम से विभाग अपना काम चला रहा है, लेकिन उसके बाद भी दो जोन को संभालने के लिए पर्याप्त स्टॉफ नहीं है। यही कारण है कि शिकायतें आने के बाद उसको सुधारने में घंटों का समय लग रहा है।

### प्रदेश में सबसे गर्म रहा नांदगांव

# तापमान पहुंचा 42 डिग्री तीन दिन बाद और बढ़ेगा

**खास बातें**

- सामान्य से अधिक पर अधिकतम पारा
- माहांत तक 45 डिग्री पर तापमान पहुंचने की जताई संभावना



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बेमौसम बारिश के बाद फिर से गर्मी ने अपना तांडव मचाना शुरु कर दिया है। गुरुवार को अंचल का अधिकतम तापमान 42 डिग्री पर रहा, इसके अगले तीन दिन बाद और चढ़ने के आसार है। गुरुवार को नांदगांव का तापमान प्रदेश में सबसे अधिक रहा।

इधर मौसम विभाग के अनुसार एक निम्न दाब का क्षेत्र पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी और उसके आसपास स्थित है तथा इसके साथ ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण मध्य क्षोभ मंडल तक विस्तारित है। इसके उत्तर-उत्तर-पूर्व दिशा में आगे बढ़ने और क्रमिक कमजोर होकर मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर पहुंचने की संभावना है। एक पश्चिमी विक्षोभ 68 डिग्री पूर्व और 28 डिग्री उत्तर में स्थित है। एक द्रोणिका राजस्थान से मराठवाड़ा तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। कल 11 अप्रैल को एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ अंधड़ चलने और वज्रपात होने की भी संभावना है। हालांकि इसके चलते अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है, बल्कि अगले दो दिनों तक गर्मी से थोड़ी राहत की स्थिति बनी रहेगी।

# पार्किंग विवाद पर ऑटो चालक ने व्यापारी को पीटा कार्रवाई के लिए चेंबर ने घेरा कोतवाली थाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के नेशनल हाईवे सर्विस लेन में वाहन की पार्किंग करने से मना करने पर आरोपियों ने मिलकर व्यापारी की पिटाई कर दी। इस घटना की जानकारी होते ही शहर के कई व्यापारी कोतवाली थाना पहुंचकर अपनी शिकायत दर्ज कराई। पुलिस इस मामले में आरोपियों की पतासाजी कर रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत आज सुबह महावीर चौक के पास नेशनल हाईवे सर्विस लेन के पास स्थित आलू-प्याज के थोक व्यापारी के सामने एक आटो चालक ने वाहन पार्किंग की, जिस पर व्यापारी ने वाहन की पार्किंग वहां नहीं करने की हिदायत दी।




### व्यापारी पहुंचे थाना

बताया गया कि इस मामले ने इतना तूल पकड़ा कि तीन-चार आरोपियों ने उक्त व्यापारी के साथ मारपीट कर दी। इधर इस घटना की सूचना जैसे ही व्यापारियों एवं चेम्बर ऑफ कामर्स के लोगों को मिली, वे तत्काल कोतवाली थाना पहुंचकर व्यापारी से मारपीट करने वाले आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। वहीं व्यापारियों की सुरक्षा व्यवस्था की बात भी कही।

### सुरक्षा की मांग

इस दौरान चेम्बर ऑफ कामर्स के तरूण लहरवानी ने बताया कि दुकान के सामने वाहन पार्किंग नहीं करने की बात जब व्यवसायी करण तेजवानी ने की, तो उसके साथ आरोपियों ने मारपीट की। जिससे करण तेजवानी को चोंटे आई है। उन्होंने बताया कि इस मामले की शिकायत कोतवाली थाना में की गई है और व्यापारियों की सुरक्षा की मांग की गई है।

### मामले की जांच की जा रही

कोतवाली पुलिस के अनुसार व्यापारी से मारपीट किए जाने की शिकायत दर्ज कराई गई है। इस मामले की जांच की जा रही है। वहीं आरोपियों की पतासाजी की जा रही है। ज्ञात हो कि सर्विस लेन में आए दिन अव्यवस्थित रूप से वाहनों की पार्किंग किए जाने से दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। वहीं आवागमन भी बाधित होते रहता है। अव्यवस्थित पार्किंग के चलते व्यापारियों को भी परेशान होना पड़ता है।

# मजदूरी करने वाले तीन युवकों की बिगड़ी तबीयत, दो की मौत

### संदेहास्पद मौत के बाद गांव में चर्चा गर्म, पुलिस जांच में जुटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

ग्राम पंचायत कोलिहापुरी में एक ही रात को 3 युवकों की अचानक तबीयत खराब हो गई। जिसमें से दो युवको की मौत हो गई। एक युवक को भिलाई के एक निजी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। जिसकी हालत नाजुक होना बताया जा रहा है।

उक्त घटना को लेकर गांव में तरह-तरह की चर्चा के बाद चिचोला पुलिस ने दोनों युवकों के दाह संस्कार के बाद गांव में दस्तक देकर गांव में मृतक के परिजनों सहित ग्रामवासियों के साथ पूछताछ के बाद मामले को विवेचना में लिया है। ऐसी जानकरी सामने आई है। बताया जा रहा है कि अचानक बिगड़ी तीनों युवकों की तबीयत में कुछ कारण जुड़कर सामने आ रहा है। हालंकि इस मामले को लेकर कोई भी ग्रामीण सामने नहीं आया है, न ही परिजनों ने पुलिस को घटना की जानकारी दी और मृतकों का दाह संस्कार भी कर दिया।

### एक युवक अस्पताल में भर्ती

मृतक का नाम खिलेन्द्र पिता भुवन कंवर 17 वर्ष मृतक नेतराम पिता लेखराम कंवर 20 वर्ष, गंभीर अवस्था में घायल रानेश पिता जयपाली 24 वर्ष जो तीनों रोजी-मजदूरी करने वाले युवक हैं। जिनकी गांव में एक साथ तबीयत खराब होने पर अलग-अलग साधन से इलाज के लिए बाहर ले जाने की तैयारी की गई थी। जिसमें एक युवक गांव में ही दम तोड़ दिया। दूसरा रास्ते में ही और तीसरा अस्पताल में है।

### संदेहास्पद मौत

सोमवार के दिनभर तीनों युवक साथ में घूमते देखे गए थे। रात में घटना होने के बाद मंगलवार के दिन 11 बजे परिजनों ने ग्रामवासियों की उपस्थिति में दाह संस्कार कर दिया गया। संदेहास्पद स्थिति में हुई मौत की जानकारी में पुलिस आनन-फनन में गांव पहुंचकर कारण पता लगाने में लगी है। इधर अनुविभागीय अधिकारी पुलिस आशीष कुंजाम ने बताया कि मौत का कोई दूसरा कारण सामने नहीं आया है। तबीयत बिगड़ने के बाद ही तबीयत बिगड़ी थी। ऐसी जानकारी सामने आई है, जल्द ही पूरी जानकारी सामने जाएगी।

### छमुमो के बैनर तले शुरू किया आंदोलन, दर्जनभर मुद्दों में सुधार की रखी मांग

# बिजली-पानी जैसी कई समस्याएं, बुजुर्गों ने खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

एक ओर नगर निगम द्वारा लोगों की समस्याएं सुनने के लिए शहर के सभी वार्डों में सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर नगर निगम के सामने नगर निगम में व्याप्त समस्याओं को लेकर छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के बुजुर्ग पदाधिकारी ने आमरण-अनशन की शुरूआत कर दी है।

नगर निगम सहित अन्य संस्थाओं में कार्यरत विभिन्न रिटायर्ड कर्मचारियों ने छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के बैनर तले नगर निगम कार्यालय के सामने पंडाल लगाकर आमरण-अनशन करते 12 बिंदुओं पर अपनी मांगे रखी है और भीषण गर्मी के बीच बैठकर समस्याओं के समाधान के लिए शासन-प्रशासन से मांग की है ।



### वेतन भुगतान की मांग

अपने अनशन के माध्यम से नगर पालिका निगम में कार्यरत प्लेसमेंट दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को पिछले 4 माह का वेतन भुगतान करने, उक्त कर्मचारी का काटा गया प्रोविडेंट फंड दो वर्ष से जमा नहीं किया गया है, जिस पर ब्याज सहित उनके खाते में राशि जमा करने, प्रतिमाह प्लेसमेंट स्लिप वितरण करने, त्यौहारी छुट्टी प्रदान करने की मांग की है ।

### किसी को तो आगे आना होगा

भीषण गर्मी में बुजुर्गों द्वारा आमरण-अनशन किए जाने को लेकर उन्होंने कहा कि शहर के लोगों को पेयजल उपलब्ध कराने के लिए वह तकलीफ सहने तैयार हैं। उन्होंने कहा कि नगर में हमसे भी अधिक उम्रदराज लोग हैं, जिन्हें समुचित पानी नहीं मिल रहा है। उनके लिए हमें यह कदम उठाना जरूरी था। नगर की भलाई के लिए किसी न किसी को आगे आना होगा, यह सोचकर अनशन की शुरूआत की गई है।

### कुएं-तालाबों की सफाई की मांग

आमरण-अनशन पर बैठे सेवानिवृत्ति बुजुर्ग कर्मचारियों ने तालाबों और कुंओं की साफ-सफाई पर चिंता जताते शहर के मोतीपुर स्थित बरबटी कुआं में पंप के माध्यम से पुनः पानी चालू कर मोतीपुर एवं नया ढाबा में जल प्रदाय करने, शहर के सभी तालाबों की सफाई करने, अमृत जल मिशन के तहत शहर में अधूरे डाले गए पाईप लाइन की विस्तृत जांच कर बचे हुए जगह पर पाईप लाइन बिछाने मांग की है।

### न्यायालय के आदेश का पालन नहीं

आमरण-अनशन पर बैठे छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष प्रेमनारायण वर्मा ने कहा कि नगर पालिका निगम राजनांदगांव के कर्मचारियों को समय पर वेतन एवं भविष्य निधि राशि नियमित जमा करने उच्च न्यायालय के आदेश के तहत कर्मचारियों का स्थायीकरण एवं आम जनता की समुचित पेयजल, साफ-सफाई एवं अन्य मूलभूत समस्याओं को लेकर उन्होंने अनशन की शुरूआत की है।

### पेयजल और सफाई की मांग

शहर में ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए पूर्व की भांति दोनों समय समुचित पेयजल प्रदान करने और इस जल समस्या में दोषी अधिकारी-कर्मचारी पर कार्रवाई करने की मांग करते वार्ड में संक्रमित बीमारियों को ध्यान में रखकर समुचित साफ-सफाई, नालियों में दवाइयां छिड़काव की व्यवस्था करने, हीटवेव की स्थिति से निपटने के लिए नगर निगम द्वारा व्यापक कदम उठाए जाने की मांग की है।

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
हृदय रोग की सम्पूर्ण जाँच एवं चिकित्सा
डॉ. जाहिद के. खान
MBBS MD, DM, CARDIOLOGY (JJN MUMBAI)
सुविधाएं उपलब्ध ई.सी.जी., 2 डी इको, नवजात शिशु बाल रोग के 2डी इको, टी.एम.टी., होलटर
- सीने में भारीपन
- उच्च रक्तचाप,
- ब्लड शुगर, • थायराइड
- चलने पर सांस फूलना,
- कंधों में जकड़न,
- धड़कन का कम या ज्यादा होना
- चक्कर आकर बेहोशी • हार्ट अटैक
- कोलेस्ट्रोल का बढ़ना • पैरों में सूजन,
- पेट पर सूजन, • दिल के वाल्व खराब होना आदि रोगों का उपचार.
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

## खबर संक्षेप

### नवरात्र में पहुंचे आठ लाख श्रद्धालु

**डोंगरगढ़।** चैत्र नवरात्रि पर्व में लगभग 8 लाख से अधिक देश विदेश के श्रद्धालु माता के दर्शन करने पहुंचे। उल्लेखनीय है कि नवरात्रि पर्व के मौके पर ऊपर मंदिर में 7455, नीचे मंदिर में 901 एवं शीतला मंदिर में 61 मनोकामना ज्योति प्रज्वलित किया गया था। ज्योति कलशों का विसजन मानव श्रृंखला के रूप में किया गया। पर्व के दौरान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, युवा कांग्रेस अध्यक्ष आकाश शर्मा, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, सहित अन्य नेता, अधिकारी आदि देवी दर्शन करने पहुंचे थे। मंदिर ट्रस्ट समिति ने पर्व के दौरान सहयोग के लिए जिला पुलिस, राजस्व विभाग, रेल्वे, यातायात विभाग, सशस्त्र पुलिस बल, विद्युत, स्वास्थ्य, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय, लोक निर्माण, वन, नगर पालिका, दूर संचार विभाग सहित अन्य का आभार व्यक्त किया है। यह जानकारी महेन्द्र परिहार ने दी।

### दुकान खुलने का समय तय नहीं

**पटेवा।** शासकीय उचित मूल्य की दुकान केकराजबोड़ का संचालन मिनी माता महिला स्व-सहायता समूह सोनभट्ठा द्वारा किया जा रहा है। समय पर दुकान के नहीं खुलने से उपभोक्ताओं को परेशानियां उठानी पड़ रही है। एक उपभोक्ता के दुकान खुलने के बारे में पूछने पर बताया गया कि शक्कर, नमक का पर्याप्त भंडारण होने पर ही दुकान खोला जाएगा, जबकि दुकान में खाद्यान्न का भंडारण हो चुका है।

### आवेदन लेने की अंतिम तिथि आज



**सड़क अतरिया।** राज्य सरकार के निर्देश पर इन दिनों सुशासन तिहार मनाया जा रहा है। आयोजन के तहत सभी पंचायत में 8 अप्रैल से शिविर लगाकर लोगों से आवेदन लिया जा रहा है। शिविर का कल शुक्रवार को अंतिम दिवस है। ग्रामीण अपनी समस्या या मांग को आवेदन निर्धारित प्रारूप में दे सकते हैं जिसका एक माह के अंदर निराकरण किया जाएगा। सभी पंचायतों में ग्रामीण आवास, पेयजल, पेंशन, महतारी वंदन, पीएम किसान सम्मान निधि, बिजली, राशन कार्ड तथा राजस्व संबंधी समस्या लेकर पहुंच रहे हैं।

### तूफान से वृक्ष धराशायी



**सड़क अतरिया।** बुधवार शाम को क्षेत्र में आंधी तूफान ने जमकर तबाही मचाया जिससे कच्चे मकान के रहवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। सड़क अतरिया, पैलीमेटा, ठाकुरटोला में तेज गर्जना के बारिश हुआ। आंधी से सड़क किनारे के कई वृक्ष धाराशाही हो गया जिससे आवागमन कुछ देर बाधित रहा।

### अनिता मंडावी बनी सभापति

**डोंगरगढ़।** जिला पंचायत सदस्य अनिता मंडावी सहकारिता उद्योग समिति की सभापति निर्वाचित हुई है। उनके निर्वाचन से जिपं के क्षेत्र क्रमांक 10 बोरतलाव में उत्साह का वातावरण है। उल्लेखनीय है कि बोरतलाव क्षेत्र से भाजपा की अनिता मंडावी ने लगभग 10 हजार मतों के अंतर से कांग्रेस की रामछतरी चंद्रवंशी को पराजित किया था।

### पुनर्वास नीति का लाभ दिलाने सौंपा ज्ञापन



**डोंगरगढ़।** राज्य सरकार ने नक्सल हिंसा से प्रभावितों, नक्सलवादी, आत्मसमर्पण, आदि के पुनर्वास के लिए नई नीति लागू किया है। नई नीति तहत पीड़ित परिवारों को शासकीय नौकरी, सहायता राशि, आवास, जमीन, शिक्षा, रोजगार एवं विभिन्न योजनाओं में प्राथमिकता देने का प्रावधान है। कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर नई पुनर्वास नीति का लाभ दिलाने की मांग किया गया है। धीरेन्द्र साहू ने बताया कि कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने जल्द पुनर्वास समिति की बैठक आयोजित कर सुविधा दिलाने का वादा किया है।

### श्रद्धा से मनायी कर्मा जयंती



**डोंगरगढ़।** ग्राम पंचायत अछोली में तहसील स्तरीय माँ कर्मा जयंती महोत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम मे विधायक हर्षिता स्वामी बघेल शामिल हुई। श्रीमती बघेल ने भक्त माता कर्मा के चित्र में माल्यार्पण पूजन किया। उन्होंने भक्त माता कर्मा के भगवान कृष्ण के प्रति प्रेम और स्नेह को बताया। कार्यक्रम में जिला साहू संघ के पूर्व अध्यक्ष कमल किशोर साहू, तहसील अध्यक्ष हंसराज साहू, नीरो साहू, हेमंत साहू, सरपंच नंद साहू, चुमनदास साहू, पुखराज साहू, कुलदीप साहू, कचरू हिरवानी, सुजाता साहू, भारत साहू, मदन साहू, योधन साहू, तिजिया साहू, खेमिन साहू आदि उपस्थित थे।

### परमालकसा में जोत जंवारा का विसर्जन



**सोमनी।** ग्राम पंचायत परमालकसा में चैत्र नवरात्रि के अंतिम दिन शीतला मंदिर में स्थापित जोत जवारा का धूमधाम के साथ विर्सजन किया गया। नवरात्र के दौरान प्रतिदिन पूजा सेवा भजन आदि का आयोजन किया गया। विसर्जन यात्रा में काफी संख्या में ग्रामवासी शामिल हुए।







## उल्लास से मनाया जिन शासन के महानायक का जन्म कल्याणक

# चहुं ओर रही 'जीयो और जीने दो' की गूंज

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

जिन शासन के महानायक भगवान महावीर का जन्म कल्याणक गुरुवार को श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। श्री सकल जैन समाज और श्री महावीर जन्म कल्याणक समिति के तत्वावधान में सुबह प्रभातफेरी निकालने के बाद भव्यतम शोभायात्रा निकालकर नगर भ्रमण किया गया। इस दौरान पूरे शहर में जियो और जीने दो की गूंज रही।

त्रिशला नंदन भगवान महावीर के जन्म कल्याणक के मौके पर सदर लाइन स्थित श्री दिगंबर जैन मंदिर से भव्यतम शोभायात्रा निकला गया जो इंदिरा गार्डन, पुराने बस स्टैंड, राजीव गांधी चौक, फव्वारा चौक, सदर लाइन होते हुए वापस मंदिर पहुंची। समूचे रास्ते में जैन समाज के अनुयायियों ने तीर्थंकर महावीर की आरती उतारा। शोभायात्रा के बाद जिन देव की पूजा अभिषेक किया गया।

### युवाओं ने दिखाया जोश

महावीर जन्म कल्याणक के एक दिन पूर्व बुधवार की शाम को जैन समाज के युवक युवतियों ने उत्साह के साथ बाईक रैली निकालकर नगर भ्रमण किया। इस मौके पर जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी, जनपद के पूर्व उपाध्यक्ष सुयश नाहटा, नगर पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष ललित लोढ़ा, पार्षद प्रियंक जैन, प्रफुल्ल जैन, जैन समाज के अध्यक्ष सतीश लल्ली, शीतल लोढ़ा, दिनेश नखत, राहुल राही, विमल जैन, सौरभ जैन, धरमचंद बोथरा, भाजपा नेत्री हिना जैन, प्रबोध जैन, जिनेन्द्र जैन, पारसमल लोढ़ा, हेमंत चोपड़ा, मनीष बोहरा, इंदरचंद लोढ़ा, रमन नाहटा, संदीप लोढ़ा, रानूलाल कोचर, शीतल लोढ़ा, योगेश गोलछा, अक्षय जैन, संदीप जैन, प्रमोद जैन, अरुण जैन, ओमप्रकाश, डॉ अशोक, राजकुमार जैन, गौरव नखत, प्रबोध जैन सहित अन्य बड़ी संख्या में मौजूद थे।

### सेवा कार्य में जुटी जैन समाज की महिलाएं

ओसवाल जैन महिला मंडल की महिलाओं ने महावीर जन्म कल्याणक के मौके पर क्षीरसागर



गौशाला में गुड़, रोटी, हरी सब्जी खिलाकर मूक मवेशियों की सेवा किया वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में उपचार रत मरीजों का फल प्रदान कर शीघ्र स्वस्थ्य होने की कामना किया। महिलाओं ने ओसवाल भवन के सामने स्टाल लगाकर लोगों की प्यास बुझाने के लिए शरबत का वितरण किया। इस दौरान श्रद्धा बोहरा, रीता नाहटा, पिंकी लोढा, सुशीला नाहटा, श्वेता नाहटा, पुष्पा कोचर, निशा नखत, मेघा नाहटा, निधि बोहरा, रविना बोहरा, पूनम जैन, रश्मि जैन सहित अन्य मौजूद थी।

### शोभायात्रा में गूंजे भक्तिमय गीत



**गंडई पंडरिया।** गंडई नगर में जैन समाज ने भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक धूमधाम से मनाया। स्वाध्याय भवन से भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए पंडरिया स्थित गांधी चौक पहुंची। शोभायात्रा के दौरान समाज के प्रसिद्ध गायक ने भगवान महावीर के संदेशों और सिद्धांतों पर आधारित गीतों की मधुर प्रस्तुति दी। शोभायात्रा के बाद पंडरिया के जैन धर्मशाला में सामाजिक भोज का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए। इसके पश्चात विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम और मनोरंजक प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ, जिसमें बच्चों, महिलाओं आदि ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान समाज के वक्ताओं ने बच्चों को भगवान महावीर के जीवन और उनके सिद्धांतों की जानकारी दी।

## धर्मनगरी में बाजे गाजे के साथ निकाली शोभायात्रा, थिरके भक्त



**डोंगरगढ़।** श्री दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में दुनिया को जियो और जीने दो का संदेश देने वाले भगवान महावीर का जन्म कल्याणक हर्षोलास के साथ मनाया गया। तीन दिन पूर्व से प्रातः 6 बजे से भक्तों द्वारा भगवान का भजन कीर्तन करते हुए प्रभात फेरी निकाला जा रहा था। गुरुवार को जन्म कल्याणक के मौके पर प्रातः भगवान का अभिषेक, पूजन एवं मंगल आरती की गई। प्रातः 9 बजे भगवान महावीर की भव्य शोभायात्रा गाजे – बाजे के साथ निकाली गई। इस दौरान निखिल जैन के भजनों पर भक्तों ने जमकर नृत्य किया। शोभायात्रा श्री दिगम्बर जैन मंदिर से शुरू होकर बुधवारी, रेलवे चौक, जयस्तंभ चौक, गोल बाजार होते हुए वापस जैन मंदिर पहुंची। शहर भ्रमण के दौरान जगह जगह भगवान की अगवानी के लिए भक्तों ने अपने घर के सामने रंगोली बनाया था। आरती कर एवं श्रीफल चढ़ाकर वंदन किया गया। शोभायात्रा के बाद मंदिर मे भगवान का पुनः अभिषेक, पूजन एवं मंगल आरती किया गया। इस मौके पर शोभा बैग हाउस, हैप्पी कलेक्शन एवं सिंघई बुक डिपो ने प्रतिष्ठान के सामने छाछ एवं शरबत वितरित किया। जागृति महिला मंडल ने वृद्धाश्रम एवं अस्पताल में फल वितरण किया। इस मांगलिक कार्यक्रम के लिए दिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष अनिल जैन, कोषाध्यक्ष जय कुमार जैन, यतीश कुमार जैन ने सभी का आभार जताया है। इस दौरान किशोर जैन, निर्मल जैन, अमित जैन, निशांत जैन, हरिश भंडारी, अभिषेक जैन, आलोक जैन, मीनू जैन, नितिन जैन, नीरज जैन के अलावा अन्य उपस्थित थे।

### 25 ने किया रक्तदान

श्वेतांबर जैन समाज महिला मंडल के तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन महावीर भवन पटेल वार्ड में किया गया। बुधवार को प्रातः 8.01 से 9.36 बजे तक नवकार महामंत्र के जाप के साथ रक्तदान शिविर की शुरूवात हुई। मेडीकल कॉलेज पेंड्री के सहयोग से 25 यूनिट रक्त संग्रह किया। समाज के महिला पुरूषों ने आगे बढ़कर रक्तदान किया।

### सुशासन तिहारः तीन दिनों मिले 300 आवेदन

**छुईखदान।** प्रदेश सरकार के सुशासन तिहार में नागरिकों की भागीदारी बढ़ने लगी है। आयोजन के तीसरे दिन लगभग 200 से अधिक लोगों ने आवेदन दिया है। ज्ञात हो कि निर्देशानुसार कल 11अप्रैल को आवेदन लेने का अंतिम दिन है। एक माह की अवधि में आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। सुशासन तिहार के तहत नगर पंचायत छुईखदान द्वारा आम जनो की सुविधा को देखते हुए वार्डो में कैंप लगाया जा रहा है। सीएमओ कमल नारायण जंघेल ने बताया कि नगर वासियों की सुविधा को ध्यान में रख कर वार्डो में आवेदन लेने का स्थान निर्धारित किया गया है जहां वार्डवासी सुविधा अनुसार पहुंचकर आवेदन प्रस्तुत कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार नगरवासियों ने पिपरिया जलाशय से 32 ग्रामों तक जल जीवन मिशन के तहत बिछाई जा रही पाइप लाइन से नगर पंचायत को भी पानी देने की मांग करते हुए आवेदन दिया है।

## दुष्कर्म मामले में आरोपी को फांसी देने की मांग



■ जन कल्याण समिति ने घटना को बताया शर्मनाक

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

जन कल्याण समिति ठाकुरटोला के युवाओं ने दुर्ग में 6 वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना पर आक्रोश व्यक्त किया है। उन्होंने इस कृत्य पर चिंता व्यक्त करते हुए सभी से सतर्क रहने का आह्वान किया।

जन कल्याण समिति ठाकुरटोला के युवाओं ने इस संबंध में राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया है। ज्ञापन सौंपकर आरोपी को फांसी देने की मांग की जाएगी। युवाओं ने उरला में रामनवमी के दिन 6 वर्षीय बच्ची के साथ घिनौने कृत्य की निंदा करते हुए कहा कि इस घटना ने मानवता को शर्मसार कर दिया है। उन्होंने आरोपी को फांसी देने की मांग करते हुए कहा कि ऐसा नहीं होने पर उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान सुखनंदन साहू, मनोज साहू, राकेश रोडगे, किशनसिंह मंडावी, टाकेन साहू, निरंजन टंडन, शिव गात्रेकर, डोगेंद्र धुर्वे, संतकुमार सेन आदि बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### बारिश से मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

तेज गर्मी के बाद बीते दो दिनों से हल्की बारिश और ठंडी हवा से लोगों को कुछ राहत मिली है। अचानक बारिश होने के बाद घंटो बिजली गुल रही। शहर में मंगलवार को बारिश होने के बाद को कुछ जगह बारिश के साथ ओले भी गिरे है। तेज हवा के चलते कई होर्डिंग बोर्ड उखड़ गए और पेड भी गिर गए। बारिश और तेज हवा से किसी प्रकार की हानि होने की खबर नहीं है। बीते दो दिन मे हुई बारिश से किसानों को फायदा हुआ है। जो किसान नदी नालों के सूखने के बाद गढढा खोदकर सिंचाई कर रहे थे। अब नदियों में पानी आने के बाद उसकी जरूरत पूरी होने लगी है।

### कई वृक्ष हुए धराशायी

तेज हवा के साथ बारिश होने से कई पेड़ गिर गए। कुछ पेडों को ग्रामीण रातों रात उठा कर घर ले गए। बताया जाता है कि गिरे पेडों की लकड़ी को काटकर लकड़ी तस्कर वाहनों में भर कर ले गए। कहा जा रहा है कि लगभग 4 से 5 लाख की लकड़ी पार कर दिया गया है।

### मतदान करने की अपील

**डोंगरगांव।** पेंशनरों की बैठक गत दिनों यादव भवन में आयोजित की गई। बैठक में डॉ केएल टांडेकर के पक्ष में वोट डालने का निर्णय लिया गया। बैठक में शामिल होने पहुंचे डॉ. टांडेकर का पेंशनरों ने जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर तहसील अध्यक्ष महेश अत्री ने प्रांतीय अध्यक्ष पद के प्रत्याशी डॉ. टांडेकर के बारे में विस्तार से बताते हुए सभी से उनके पक्ष में मतदान करने की अपील किया। इस मौके पर श्री टांडेकर ने कहा कि डोंगरगांव भी उनका कर्म भूमि रहा है। पेंशनरों को केपी सिंह, दीपक सिन्हा, जीआर देवांगन, राजेन्द्र सिंह ठाकुर आदि ने संबोधित किया।संचालन बिसेलाल यादव ने किया।

## शिकायत के बाद नालियों की सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

■ गंदगी से मंडरा रहा था बीमारी फैलने का खतरा

शहर के विभिन्न वार्डों सहित मुख्य मार्गो की सफाई को लेकर लगातार शिकायतें मिलने के बाद पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, सभापति डी एकेश राव, सीएमओ सीके शर्मा एवं पार्षद इन दिनों जाम नालियों को साफ कराने जुटे है। उल्लेखनीय है कि कई नालियां महीनों से साफ नहीं हुई है। गंदगी से बजबजाती नालियों की सड़न से बीमारी फैलने का खतरा मंडराने लगा था। बताया जाता है कि नालियों में साल भर से दवाई का छिडकाव भी नही हुआ है जिससे कीडे मकोड़े पनपने लगे थे। लगातार शिकायत मिलने के बाद प्राथमिकता के साथ नालियों की सफाई कराया जा रहा है। सफाई के बाद कचरा का उठाओ नही होने और बारिश होने पर पूरा कचरा मार्गों मे फैल गया है।



### हनुमान जन्मोत्सव 12 को

**पटेवा।** ग्राम इरई में युवा उत्सव समिति एवं ग्रामवासियों के तत्वावधान में आगामी 12अप्रेल को हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम शाम 4 बजे विधिवत पूजा अर्चना, हवन के साथ प्रारंभ होगा। शाम 5 बजे प्रसादी वितरण किया जाएगा। इसके बाद सुंदरकांड का पाठ होगा। रात्रि में संगम मानस परिवार बल्देवपुर की प्रस्तुति होगी।

### रामकथा आज से

**डोंगरगांव।** समीपस्थ ग्राम बगदई में श्री रामभद्र मानस परिवार एवं ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वावधान में कल 11 से आगामी 17 अप्रैल तक श्री हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर श्रीरामकथा का भव्य आयोजन किया गया है। जिसमें व्यासपीठ पर श्रद्धेय मानस कागजी महाराज तुलसी तीर्थ राजापुर संध्या 7 बजे से कथा वाचन करेंगे।

### अध्यक्ष प्रतिनिधि ने किया बगदूर का दौरा



**सड़क अतरिया।** जिला पंचायत अध्यक्ष प्रियंका ताम्रकार के प्रतिनिधि खमहन ताम्रकार ने गुरूवार को ग्राम पंचायत जीराटोला के आश्रित ग्राम बगदुर पहुंच कर ग्रामीणों से मुलाकात किया। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास का जायजा लिया। ग्रामीणों से चर्चा कर उनकी समस्या एवं मांग के बारे में जानकारी हासिल किया। उन्होंने ग्रामीणों से सुशासन तिहार में हिस्सा लेने की अपील किया। इस दौरान भीखु हिरवानी, सुरेश पटेल, अंजु जंघेल, सरपंच केशलाल मंडावी, शिव पटेल, धनराज पटेल, सगुनलाल पटेल, जैनलाल पटेल, राजकुमार पटेल, रमेश यादव, गनपत पटेल सहित अन्य मौजूद थे।

HEALTH TOWN
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### फलाहारी व्यंजन बनाओ व सजाओ स्पर्धा आयोजित

**राजनांदगांव।** कॉनफ्लुएंस महाविद्यालय के संस्कृतिक विभाग की ओर से चैत्र नवरात्रि अवसर पर अंतर महाविद्यालयीन फलाहारी व्यंजन बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा प्रतियोगिता में भाग लिया गया। सोमनी कॉलेज, संस्कार सिटी, रॉयल कॉलेज तथा श्रीराम कॉलेज के विद्यार्थी प्रतिभागी के रूप में उपस्थित रहे। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने नवरात्रि को ध्यान में रखकर व्रत के समय ग्रहण करने वाले व्यंजन तैयार किए। कार्यक्रम प्रभारी सहायक प्राध्यापक सुमन साहू ने बताया कि फ्रूट सलाद, साबूदाने का बड़ा, खिचड़ी, फलों से बना हुआ रायता तथा अन्य कई प्रकार के फलाहारी व्यंजन बनाए गए। इस प्रतियोगिता में सभी विद्यार्थियों की प्रस्तुति सराहनीय रहा। प्रतियोगिता में बनाए गए व्यंजनों का निरीक्षण निर्णायक के रूप में प्राचार्य डॉ. रचना पांडे, प्रो विजय मानिकपुरी एवं प्रीति इंदोरकर द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कॉन्फ्लुएंस के उत्कर्ष एवं वैशाली समूह, द्वितीय संस्कार सिटी कॉलेज से राखी दुबे तथा तृतीय स्थान पर रॉयल कॉलेज के उपेंद्र एवं विक्रम समूह रहे। प्राचार्य डॉ. रचना पांडे द्वारा प्रतिभागियों को उत्साहित करते कहा कि सभी पकवान लाजवाब है। प्रो. विजय मानिकपुरी ने विजेता टीमों की घोषणा करते कहा कि इस तरह से छात्रों की प्रतिभा को अवसर मिलता है और केवल लड़कियां ही नहीं, लड़के भी अच्छा पकवान बनाए हैं।

### अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल का वितरण

# गूंजा अहिंसा परमो धर्म का नारा, निकाली भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

जैन समाज के 24 वे तीर्थकर भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक महोत्सव समाज ने भव्य शोभा यात्रा निकालकर मनाया। अध्यक्ष नरेंद्र बोथरा ने बताया कि जन्म कल्याणक महोत्सव की महत्वपूर्ण तिथि को सुबह प्रभात फेरी निकली, समता युवा मंडल के संयोजन मे कुशल पैलेस मे नवकारसी, जैन यूथ क्लब के संयोजन मे भगवान महावीर की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई।

पाश्र्वनाथ महिला मंडल, सुधर्म महिला मंडल, समरथ महिला मंडल, महावीर मित्र मंडल व यूथ क्लब द्वारा स्वामी वात्सल्य बाद दोपहर दो बजे के बाद स्वाध्याय, सामायिक व आराधना का कार्यक्रम हुआ और शाम चार बजे भारतीय जैन संघटना के संयोजन मे खेल खेल में सीखे जैन धर्म की स्पर्धा हुई। इससे पहले सकल जैन श्री संघ के बैनर तले सप्ताह भी विविध आयोजन कर लोगों की सेवा की गई। गौशालओ की गौ सेवा, अस्पताल में भरती मरीजों को फल सहित आवश्यक सामानों का किट दिया गया। जिन धर्म की महिमा, वर्तमान में वर्धमान की आवश्यकता विषय पर परिचर्चा सहित विश्व नवकार दिवस सहित संयम पथ के साधकों का अभिनंदन किया गया। भगवान महावीर के जन्म जयंती के दिन समाज ने व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को पूरी तरह से बंद रखा था।



#### मानव और जीव दया का दिया संदेश

महोत्सव के दौरान सकल जैन श्री संघ के संयोजन मे जैन यूथ क्लब ने जिले में सबसे बड़ा रक्त दान महादान का शिविर आयोजित किया जहॉ 503 यूनिट ब्लड का कलेक्शन हुआ। नेत्र संबंधी



विकारों से पीड़ित 244 का नेत्र परीक्षण उपरांत निःशुल्क चश्मा दिया गया वही दांत दर्द या सड़न की समस्या से जूझ रहे 76 लोगों के दांत का परीक्षण कर दवाईयां दी गई। भारतीय जैन संघटना ने मानव सेवा को धर्म मानते हुए विकलांग शिविर आयोजित किया जहॉ दिव्यांगों को आवश्यक उपकरण निःशुल्क दिया गया। सकल जैन श्री संघ ने स्वास्थ चिकित्सा शिविर आयोजित किया और सिविल अस्पताल मे भरती मरीजों को आवश्यक दवाईयों सहित किट दिया गया। शिविर आयोजन के दौरान सौ से उपर लोगों का आयुष्मान कार्ड भी समाज ने बनवाया। महोत्सव के दौरान जैन समाज द्वारा मानव सेवा/ जीवों की सेवा का संदेश जन जन तक पहुंचाने के उद्देश्य को पूरा करने के साथ साथ भगवान महावीर स्वामी जन्म महोत्सव को ऊंचाइयों पर ले जाने का प्रयास किया गया।

# मियाद खत्म, सड़क निर्माण अपूर्ण

## ठेकेदार की हठधर्मिता से नगरवासी परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुईखदान



पांच साल पहले तत्कालीन विधायक देवव्रत सिंह के प्रयासों से दुर्ग और राजनांदगांव जिले को जोड़ने वाली छुईखदान से दनिया सड़क निर्माण की स्वीकृति मिली थी। 2020 से शुरु हुए सड़क निर्माण कार्य का कार्यवधि पूर्ण होने के बाद भी अब तक अपूर्ण है जो विभाग की लापरवाही का उजागर कर रहा है। इस संबंध में नगरवासी अक्सर शिकायतें करते रहे है किन्तु सड़क की स्थिति में अपेक्षित सुधार नहीं हो सका। अब यह सड़क दुर्घटना का कारण बन गई है।

उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों नगरवासियों सड़क निर्माण को लेकर चार घंटे तक चक्काजाम किया था। इस दौरान कहा गया कि कार्य सितंबर अक्टूबर तक पूरा हो जाएगा, लेकिन सड़क पर गिट्टी बिछाकर छोड़ दिया गया है जिसके कारण आए दिन दुर्घटना हो रही है। आमजन धूल की गुबार से परेशान हैं।

#### धूल से लोग हलाकान

नगर की आधी आबादी धूल के गुबार से बहुत परेशान हैं। लोगों को प्रतिदिन धूल स्नान करना पड़ रहा है। धूल उड़ने से छोटे बच्चे भी बीमार हो रहे हैं। वहीं पाइप लाइन को व्यवस्थित नहीं करने से नलों से गंदा पानी आ रहा है जिसमें पीलिया, दस्त आदि होने का खतरा बना हुआ है।

#### टूटने लगा भरोसा

नगर के वार्ड 1, 2, 3, 4 और 9 की महिलाओं ने बीते दिनों एक जुटता के साथ एसडीएम कार्यालय पहुंचकर शिकायत करते हुए कार्य को जल्द पूरा कराने की मांग करते हुए आवेदन दिया था। कार्य में लगातार विलंब होने से नगरवासियों का भरोसा प्रशासन से उठने लगा है। जानकारी के अनुसार सरकार के सुशासन तिहार के तहत लगे शिविर में पत्रकार सज्जाक खान ने आवेदन देकर सड़क को शीघ्र पूर्ण करने की मांग किया है।

#### कार्य अवधि पूर्ण, काम अधूरा

छत्तीसगढ़ राज्य सड़क क्षेत्र परियोजना ने मार्च 2020 में काम शुरू किया था। छुईखदान उदयपुर दनिया सड़क का निर्माण 74.96 करोड़ की लागत से होना है। सड़क की लंबाई 26.96 किलोमीटर है जो 5 वर्ष बाद भी अपूर्ण है। विद्युत विभाग कार्यालय के पास बड़े पुल का निर्माण भी अधूरा है जबकि 20 माह में इस कार्य को पूरा करना था। सड़क पर गिट्टी, मुरूम, डस्ट डालने के बाद कार्य बंद कर दिया गया है।

## सामान्य ज्ञान स्पर्धा का आयोजन 13 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर यूथ फाउंडेशन द्वारा देश की लौह महिला और प्रथम महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फूले की जीवनगाथा से जुड़ी सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन 13 अप्रैल को स्थानीय दिग्विजय महाविद्यालय में सुबह 9 बजे किया जा रहा है। डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर यूथ फाउंडेशन के सदस्य हर्ष खोबरागढ़े, शुभम हुमने और किशोर माहेश्वरी ने बताया कि सावित्रीबाई फूले देश की पहली महिला शिक्षिका है और उन्होंने महिलाओं की शिक्षा के लिए अतुलनीय योगदान दिया है।

आज अगर हमारे देश की बेटियां शिक्षित हो रही है तो इसका पूरा पूरा श्रेय उन्हें ही जाता है। अगर वह नहीं होती तो न तो महिलाएं शिक्षित हो पाती और न ही आज देश के प्रत्येक क्षेत्र में उच्च पदों पर आसीन हो पाती। ऐसी प्रेरणादायी सावित्रीबाई फूले के जीवन में झांकने और उनके जीवन संघर्षों को लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से ही यह सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है।

प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले परीक्षार्थियों को क्रमशः 3000, 2000 और 1000 रुपए की पुरस्कार राशि फाउंडेशन द्वारा प्रदान की जाएगी।

# छत्तीसगढ़ निगम मंडल महासंघ की बैठक आयोजित



■ डीएल चौधरी महासंघ के नए अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ निगम मंडल महासंघ की बैठक आज देवेंद्र नगर स्थित कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में छत्तीसगढ़ के सभी 33 निगम मंडल के पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता एचपी साहू ने की। बैठक में महासंघ अध्यक्ष संजय सक्सेना का कार्यकाल पूर्ण हो जाने पर सर्व सम्मति से डीएल चौधरी स्टेट सिविल सप्लाइज़ कार्पोरेशन को महासंघ का नया अध्यक्ष चुना गया। साथ ही कार्यकारिणी का विस्तार करते सी. धर्मेंद्र सिंह सेंगर रायपुर विकास प्राधिकरण को महासंघ के महासचिव, संजय सक्सेना को महासंघ संयोजक एवं भरतपुरी गोस्वामी को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। बैठक में सभी निगम मंडल के कर्मचारियों की समस्या पर विस्तृत चर्चा कर शासन से अपनी मांग रखने की रणनीति बनाए जाने पर विचार-विमर्श किया गया।

# अवैध निर्माण के चलते सरकारी काम अटका

**खैरागढ़।** ब्लाक के ग्राम पंचायत देवरी मे डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल द्वारा मिनी माता प्रतिमा स्थल पर टीन शेड के लिए दिए दो लाख रूपयों से होने वाला काम अतिक्रमण के चलते अटक गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि जिला सतनामी समाज सचिव मनोज गेन्ड्रें द्वारा सामाजिक कार्य के लिए आरक्षित भूमि पर अवैध मकान निर्माण किया जा रहा है।

समाज के धर्मगुरु घासीदास की माता मिनी माता की मूर्ति की स्थापना स्थान पर विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने प्रतिमा की सुरक्षा को देखते हुए टीन शेड निर्माण की स्वीकृति दी है, लेकिन उक्त स्थल पर जिसमें मनोज गेंड्रे द्वारा अवैध मकान निर्माण करने से स्वीकृत कार्य हो पाना संभव नहीं है। मामले में सतनामी समाज के लोगों ने कलेक्टर, एसडीएम और तहसीलदार को लिखित शिकायत कर अवैध निर्माण तोड़ने की मांग की है।

पटवारी कृष्णा पटेल को मौके में जाकर जांच का आदेश दिया गया, लेकिन जब पटवारी उक्त स्थान में नाप जोख करने लगा तभी मनोज गेंड्रें की पत्नी पुष्पा गेन्ड्रें गाली गलौज करने लगी। जिसके बाद पटवारी ने ग्राम पंचायत में पंचनामा तैयार किया।

#### कार्रवाई के भय से पत्नी का ले रहा सहारा

अवैध निर्माण को लेकर शिकायत बाद जनप्रतिनिधियों ने दोनों पक्षों को सुलह कराने बुलाया तो मनोज की पत्नी पुष्पा गेन्ड्रें अभद्र भाषा का प्रयोग करने लगी। ग्रामीणों का कहना है कि जनप्रतिनिधियों और समाज के सीधेपन का फायदा उठा कर जिला सतनामी समाज के सचिव मनोज गेंड्रे द्वारा मिनी माता की प्रतिमा सुरक्षा स्थल पर अतिक्रमण किया जा रहा है जिसे हटाना आवश्यक है।

# करंट लगने से 5 गौवंश की मौत एक घायल, मुआवजे की मांग

■ तेज आंधी तूफान से टूटे बिजली के तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सड़क अतरिया



बुधवार शाम को क्षेत्र में आंधी तूफान से टूटे बिजली तार की चपेट में आने से 6 गौवंश की जान जाने की खबर है। जानकारी अनुसार क्षेत्र में करीब एक घंटे तक तेज हवा तूफान चला था। तेज हवा से कोटरा के एक खेत में बिजली का एक तार टूट कर गिर गया। ग्रामीणों के अनुसार गुरूवार की सुबह कुछ गाय उसी खेत की ओर चारा की तालाश में जा रही थी इसी दौरान वह बिजली की चपेट में आ गई जिससे 5 गौवंश की मौके पर ही जान चली गई। एक गाय बहुत बुरी तरह घायल हो गई है। जानकारी अनुसार मरने वाले पांच गौवंश में दामोदर जंघेल की एक, दीपलाल की 2, नेहरू यादव की एक तथा दूजराम की एक गाय शामिल है। घटना के बाद ग्रामीणों को इसकी जानकारी विद्युत विभाग को दिया तब बिजली सप्लाई बंद किया गया। विभाग के कर्मचारी ने मौके पर पहुंच कर मुआयना किया।

#### बड़ी घटना टली

बिजली का तार उदयपुर कोटरा मार्ग के समीप एक खेत में टूटना बताया जा रहा है जहां से किसान, मजदूरों का आना जाना लगा रहता है। गुरूवार की सुबह कोई ग्रामीण उस ओर नहीं गया जिससे बड़ी घटना होने से टल गई। ग्रामीणों ने इस आकस्मिक घटना से प्रभावित गौवंश के मालिकों को मुआवजा देने की मांग किया है।



### अतिथि व्याख्यान आयोजित

**अर्जुनी।** नवीन महाविद्यालय में सोमवार को प्राचार्य डां. अंजना ठाकुर के निर्देशन में अंतर्विभागीय अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। वनस्पति विभाग के अतिथि व्याख्याता हेमशंकर साहू ने छात्र-छात्राओं को पौधों के संरचनात्मक एवं कार्यात्मक भागों की जानकारी के साथ पुष्प की संरचना, परागन, निषेचन, एकपत्री एवं द्विबीज पत्री, पादपर्ण के बारे में बताया। कला संकाय के अतिथि-व्याख्याता योगेन्द्र देवांगन ने संविधान के प्रस्तावना, मौलिक अधिकार, मौलिक कर्तव्य तथा सरकार के विभिन्न अंगो के बारे में बताया।

# कर्मा और कबीर पर सही विचारकों की जरूरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़




ब्लाक के प्रकाशपुर में साहू समाज द्वारा संत मां कर्मा जयंती व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि विप्लव साहू संयोजक सर्व साहू समाज और अध्यक्षता यदु कुमार साहू अध्यक्ष न्याय प्रकोष्ठ थे। विशिष्ट अतिथियों के रूप मे मुढ़ीपार मंडल अध्यक्ष अजरदास साहू, दिलीप कुमार साहू मंडल सचिव मुढ़ीपार, सरपंच योगमाया बंजारे, टीकमदास साहू, घनश्याम साहू मौजूद थे।

जय मां भानेश्वरी जगराता परिवार सिंघोला के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। दोपहर को मंचीय आयोजन के बाद बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रस्तुतीकरण किया गया। शाम आरती, अतिथि स्वागत सहित मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। इस दौरान अपने संबोधन मे विप्लव साहू ने कहा कि यह बड़ा दुर्भाग्य है कि उनके उज्ज्वल इतिहास को गलत ढंग से भी प्रस्तुत किया जाता है। संत माता कर्मा ने कर्म को प्रधान माना और समाज से कुरीतियों और पाखंड को दूर करने का लगातार प्रयास किया। आज समाज में उनके सिर्फ एक पक्ष को रखा जाता है जबकि आज समाज में कर्मा और कबीर पर सही विचारकों की आवश्यकता है। इस अवसर पर ग्राम इकाई अध्यक्ष केदार दास साहू, टीकम साहू, मोहित साहू, अर्जुन दास साहू, भूपेंद्र साहू, मन्नुलाल साहू, बंशीराम साहू सहित सभी स्वजाति भाई-बहनों के साथ-साथ ग्रामीण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन ग्राम इकाई सचिव कीर्ति कुमार साहू ने किया।

# विश्व शांति के लिए जीतो ने की अनूठी पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव



सकल जैन संघ और भगवान महावीर जन्म कल्याणक सेवा समिति के नेतृत्व में जैन बगीचा सदर बाजार में जीतो द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रातःकाल से ही आध्यात्मिक ऊर्जा का विशिष्ट संचार अनुभव किया गया। 3000 से अधिक प्रतिभागियों ने नवकार महामंत्र के सामूहिक जाप में सहभागिता कर एकता और सौहार्द्र का संदेश दिया।

कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत सांसद संतोष पांडे, महापौर मधुसूदन यादव, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, खूबचंद पारख, जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, सकल जैन संघ अध्यक्ष मनोज बैद, महावीर जन्म कल्याणक समिति संयोजक अजय सिंघी, जीतो के चीफ पेट्रोन विनय बैद, पेट्रोन राजेश बैद, ललित भंसाली, जेबीएन से दीपांशु डाकलिया द्वारा दीप प्रज्जवलन के साथ हुई।

#### महामंत्र की महिमा का वर्णन

गुरु भगवंतों द्वारा नवकार महामंत्र की महिमा का मार्मिक वर्णन करते बताया गया कि यह मंत्र आत्मशुद्धि, करूणा और सम्यक दृष्टि का प्रतीक है। उनके दिव्य वचनों से समूचा वातावरण भक्ति, शांति और आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर हो उठा। जीतो की इस अनूठी पहल ने सिद्ध कर दिया कि जब उद्देश्य विश्व कल्याण का हो और मार्ग आध्यात्मिकता से जुड़ा हो, तब एक मंत्र संपूर्ण विश्व को एक सूत्र में बांध सकता है।

### एथलेटिक ट्रैक के लिए विस अध्यक्ष का जताया आभार

**राजनांदगांव।** विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के प्रयासों से राजनांदगांव को सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक मिला। जिसके लिए जिला एथलेटिक संघ और प्रदेश एथलेटिक संघ ने विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, सांसद संतोष पांडे, खेल मंत्री मनसुख मांडवीया, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह और मधुसूदन यादव का आभार व्यक्त किया। जिला एथलेटिक संघ की बैठक में जिला अध्यक्ष विवेक शुक्ला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सतीश व्यवहारे, अतुल चोपड़ा, देवेंद्र सिंह ठाकुर, सचिव रणविजय प्रताप सिंह, कोषाध्यक्ष राजेंद्र यादव ने संयुक्त रूप से सभी नेताओं का आभार व्यक्त किया और यह उम्मीद की कि भविष्य में भी राजनांदगांव के खिलाड़ियों को उत्कृष्ट स्तर का खेल प्रदर्शन करने का अवसर प्राप्त होगा। इस प्रकार की सुविधा राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रतिभाओं के लिए मिल का पत्थर साबित होगा।

शोक संदेश

जन्म
16.02.1976

स्वर्गवास
07.04.2025



स्व. श्री रमेश यदु (शेट्टी)

अत्यंत दुख के साथ आपको सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे पति श्री रमेश यदु (शेट्टी) का दिनांक 07.04.2025, दिन सोमवार को आकस्मिक निधन हो गया है। जिनका दशगात्र एवं गंगा पूजन संपूर्ण कार्यक्रम रखा गया है।

कार्यक्रम
दिनांक : 11.04.2025, दिन शुक्रवार
समय : दोपहर 12 बजे से
स्थान : राजफैमली वार्ड नं. 04, खैरागढ़ (छ.ग.)

शोकाकुल परिवार
गोलू, पप्पू, अमन, अभिषेक एवं समस्त यदु परिवार

विनीत
बुधकुंवर यदु (मां)
सरस्वती यदु (पत्नी)

जिस किसी भी सज्जन को शोकपत्र न मिला हो कृपया इसे ही आमंत्रण पत्र समझकर कार्यक्रम में पधारे

## सार समाचार



## महिला मैथिल क्षत्रिय समाज ने किया शरबत वितरण

**राजनांदगांव।** रामनवमी के अवसर पर बीते शुक्रवार को शहर के दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर के सामने फ्लाई ओवर के नीचे मैथिल क्षत्रिय समाज की महिला सदस्यों द्वारा मैथिल क्षत्रिय समाज के आराध्य देवता श्रीरामचंद्र की पूजा-अर्चना कर प्रसादी स्वरूप शरबत वितरण किया गया। इस आयोजन में समाज की महिला, युवती और बच्चियों ने शरबत वितरण में अपनी सहभागिता निभाई।

मैथिल क्षत्रिय समाज की महिलाओं ने अपने आराध्य देवता भगवान श्रीराम के तैलचित्र पर फूल-माला, श्रीफल अर्पण कर दीप प्रज्वलित करते उनकी पूजा-अर्चना कर शरबत वितरण कार्यक्रम की शुरूआत की। समाज की महिलाओं ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के प्रति समर्पण और सेवा भावना को जागृत करना है, ताकि समाज की सेवा भावना की अलग पहचान हो। समाज की रेणु सूर्यवंशी ने बताया कि सेवाभाव के उद्देश्य से समाज की महिला सदस्यों ने आपस में धनराशि एकत्र कर शरबत वितरण का कार्य किया। इस दौरान उन्होंने लगभग चार हजार लोगों को शरबत वितरित किया। शरबत वितरण कार्यक्रम में पूजा तोमर, कुसुम गौतम, सोनी चंदेल, रोमा नागवंशी, अंजली नागवंशी, सुलोचना चंद्रवंशी, संतोषी नागवंशी, अंबिका भार्गव, नारायणी चंदेल, सोनी देवराज, रेणु सूर्यवंशी सहित अन्य महिला सदस्य उपस्थित थी।

## गंगादास को अध्यक्ष बनाने की मांग

**राजनांदगांव।** जिला छत्तीसगढ़ महासभा वैष्णव समाजके जिला अध्यक्ष



एवं पदाधिकारियों ने 8 अप्रैल को विधानसभा अध्यक्ष निवास पर विधानसभा अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह को ज्ञापन सौंपकर गंगादास वैष्णव को राजगामी संपदा न्यास के अध्यक्ष बनाने की मांग की।

इस अवसर पर गंगादास वैष्णव, अविनाश कुमार वैष्णव, साकेत वैष्णव, मिथलेश्वरी वैष्णव, मनोज निर्वाणी, मुरलीशरण वैष्णव, कृष्णकुमार वैष्णव, रजत वैष्णव, बंटी वैष्णव, विशाल वैष्णव, मयंक वैष्णव, विष्णुदास वैष्णव, सुरेशदास वैष्णव, हरीश वैष्णव, सौरभ वैष्णव, मनीष वैष्णव, कन्हैयादास वैष्णव, राधा मोहन वैष्णव, कमल वैष्णव, मनोज वैष्णव सहित सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## आरोपी को त्वरित फांसी देने की मांग

**राजनांदगांव।** दुर्ग जिले में कन्या भोज के लिए निकली मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म और उसकी हत्या के मामले को लेकर बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कड़ा विरोध जताते आरोपी को तत्काल फांसी की सजा देने की मांग की और मोमबत्ती जलाकर मृत बच्ची को श्रद्धांजलि अर्पित की। रामनवमी के पावन पर्व पर देवी स्वरूपा बच्ची के साथ भिलाई क्षेत्र के मोहन नगर थाना अंतर्गत 6 वर्षीय बच्ची के नशेड़ी चाचा द्वारा इस वारदात को अंजाम दिया गया, जिस पर वारदात को लेकर बसपा नेता शमसुल आलम ने कहा कि एक तरफ प्रदेश में सुशासन तिहार मनाया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर प्रदेश में मासूम बच्चियां अपने घर पर भी सुरक्षित नहीं है। उन्होंने कहा कि इस मामले में कठोर कार्रवाई करते आरोपी को तत्काल फांसी दी जाए, ताकि मृत बच्ची को त्वरित न्याय मिल सके।

## विश्व होम्योपैथी दिवस पर हुआ आयोजन

**राजनांदगांव।** विश्व होम्योपैथिक दिवस के अवसर पर शहर में



होम्योपैथिक ग्रुप द्वारा विश्व होम्योपैथिक दिवस धूमधाम से मनाया गया। डॉ. प्राची साहू की क्लीनिक अनुपम नगर में उक्त आयोजन संपन्न हुआ। जिसमें जिले के सभी होम्योपैथिक चिकित्सक उपस्थित हुए। होम्योपैथी के जनक डॉ. सैमुअल हैनीमेन के जन्म दिवस के अवसर पर आयोजित होम्योपैथी दिवस पर केक काटा गया और उनके जीवन में प्रकाश डाला गया। इस दौरान उपस्थित चिकित्सकों ने कहा कि किस विकट परिस्थिति में उन्होंने होम्योपैथिक पद्धति का आविष्कार किया और सारे विश्व को इस चिकित्सा पद्धति से लाभ प्राप्त हुआ।

### चिकित्सा पद्धति पर व्याख्यान

सीनियर डॉ. बालचंद पारख ने अपना ज्ञान साझा किया और डॉ. उत्तम चावड़ा, डॉ. गिरीश श्रीवास्तव ने भी होम्योपैथिक चिकित्सा संबंधित जानकारियों के बारे में विस्तारपूर्वक व्याख्यान दिया।

### चिकित्सक रहे मौजूद

आयोजन के अवसर पर होम्योपैथी ग्रुप के डॉ. बालचंद पारख, डॉ. उत्तम चावड़ा, डॉ. गिरीश श्रीवास्तव, डॉ. प्राची साहू, डॉ. अमित जायसवाल, डॉ. सौरभ श्रीवास्तव, डॉ. संतोष शर्मा, डॉ. पीलेश्वर साहू, डॉ. मिहिर साहू, डॉ. दिनेश सोनी, डॉ. पॉल, डॉ. अतुल गुप्ता, डॉ. शारदा गुप्ता, डॉ. अनुराधा बिदल, डॉ. विजयलक्ष्मी पिल्लै, डॉ. योगिता साहू, डॉ. शशि साहू, डॉ. हर्षा चौरसिया, डॉ. पायल श्रीवास्तव, डॉ. ओजस्विनी मिश्रा, डॉ. सूर्यबाला सिंह, डॉ. प्रीति बोरकर, एजाज अहमद, लोकेन्द्र साहू एवं ऋषित साहू उपस्थित थे।

### जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक में आंदोलन की रणनीति

# अवैध शराब और लचर कानून पर जमकर बिफरे कांग्रेसी नेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण की बैठक बुधवार को सतनाम भवन में जिला अध्यक्ष भागवत साहू के नेतृत्व में आयोजित हुई। जिले में अवैध शराब सहित नई शराब दुकान खोले जाने तथा प्रदेश में कथित बिगड़ी कानून व्यवस्था के मुद्दे को लेकर छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय की भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा।

बैठक को संबोधित करते जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष भागवत साहू ने कहा कि जिले में हो रहे अति मात्रा में अवैध शराब बिक्री के खिलाफ विरोध, प्रदेश में हो रहे आए दिन बलात्कार, चोरी, डकैती के खिलाफ सहित अन्य विषयों पर खुलकर चर्चा की गई। जिसमें अभी हाल ही में राजनांदगांव जिले की धर्मनगरी डोंगरगढ़ से लगे गांव करवारी में हाल ही में शराब की अवैध बॉटलिंग और करीब 28 लाख की दारू पकड़ाने का मामला छोटी-मोटी बात नहीं है। पता नहीं यहां कब से चल रहा था, लेकिन इतना जरूर है कि इससे आबकारी विभाग की मिलीभगत स्पष्ट नजर आ रही है। सिर्फ बॉटलिंग में लिप्त आरोपी को गिरफ्तार करना और शराब जब्त करना काफी नहीं है। उक्त बैठक में धनेश पाटिला पूर्व मंत्री, भुवनेश्वर बघेल पूर्व विधायक, छन्नी साहू पूर्व विधायक, थानेश्वर पाटिला महामंत्री, कमलजीत सिंह पिन्टू प्रवक्ता, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष पंकज बांधव आदि उपस्थित थे।



### 15 को सीएम का पुतला दहन

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि जिसमें अभी हाल ही में रामनवमी के दिन रविवार को कन्याभोज के लिए निकली दुर्ग उरला की एक 6 साल की मासूम बच्ची का शव रात में एक में कार मिला। जिसके साथ बलात्कार और छत्तीसगढ़ प्रदेश में चोरी-डकैती भाजपाराज में हो रहा है। बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव लाया गया। जिसमें डोंगरगढ़ शहर में धरना प्रदर्शन के साथ मुख्यमंत्री का पुतला दहन 15 अप्रैल को किया जाएगा। साथ ही सभी ब्लॉकों में चरणबध तरीके से भी किया जाएगा।

### नई दुकान खोलने का विरोध

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि शराबबंदी का नारा लगाने वाले भाजपा सरकार ने नया 67 शराब दुकान खोलने का निर्णय लिया गया है। जिसका राजनांदगांव में 5 दुकान खोलने की स्वीकृति हमारी संगठन निंदा करती है।

### जहरीली शराब

अवैध शराब बॉटलिंग के माध्यम से पानी-स्पीड मिलाकर अमानक रूप से जहरीली शराब बनाकर लोगो को परोसा जा रहा है। इस तरह भाजपा सरकार प्रदेश को अवैध शराब का गढ़ बना दिया है। अवैध शराब के मामले में संलिप्त भाजपा नेताओं, आबकारी अधिकारी सहित पुलिस अधिकारी को बचाने में लगे हैं।

### आबकारी विभाग की मिलीभगत

मां बम्लेश्वरी धर्मनगरी के समीप ग्राम करवारी के फार्म हाऊस में अवैध शराब बॉटलिंग यूनिट स्थापित कर नकली होलोग्राम व स्टीकर का उपयोग कर जहरीली अवैध शराब राजनांदगांव जिले के चहुंओर अमानक रूप से बनाकर शराब खुलेआम परोसा जा रहा है। अपने एजेंट कोचिया के माध्यम से खुलेआम शराब वितरण जिले में जारी है। इस अवैध शराब बॉटलिंग यूनिट व नकली होलोग्राम व स्टीकर संचालित यूनिट में इनकी भारी पैमाने पर उपलब्धता व आबकारी विभाग की संलिप्तता दिखाई देता है। साथ ही बाकायदा शराब दुकान में खपाया जा रहा है। यह एक प्रश्नचिन्ह है। इनकी प्रिंटिंग व सप्लाई कहां से हुआ, कौन-कौन संलिप्त है विभाग ने संज्ञान क्यों नहीं लिया? जांच का विषय है।

## मोबाइल छीनने के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

धरपकड़ अभियान के तहत पुलिस ने झपटमारी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। वहीं अवैध रूप से शराब बिक्री के मामले में भी एक आरोपी को गिरफतार कर कार्रवाई की गई है।



पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी तुषार देवांगन निवासी न्यू चंद्रा कॉलोनी पताल भैरवी मंदिर के पास ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 7 अप्रैल के दोपहर करीबन 2 बजे के लगभग वह चैतन्य अस्पताल के बाजू में चबूतरा में बैठकर मोबाइल देख रहा था।

उसी दौरान अर्जुन उर्फ गोदडा निवासी कौरिनभाठा का आया और इसके हाथ से विवो कंपनी की मोबाइल कीमती 16,500 रुपए को छीनकर भाग गया।

रिपोर्ट पर थाना बसंतपुर में धारा 304 भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। इस मामले में थाना प्रभारी बसंतपुर एमन साहू के नेतृत्व में आरोपी की सरगर्मी से पता तलाश की जा रही थी कि मुखबीर की सूचना पर आरोपी अर्जुन धनकर 20 साल निवासी कौरिनभाठा को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया, जो जुर्म करना स्वीकार किया गया तथा आरोपी के पेश करने पर घटना में झपटमारी किए विवो कंपनी का मोबाइल बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

### शांति भंग करने के मामले में भी कार्रवाई

इधर मुखबीर की सूचना पर आरोपी सागर पाण्ड्या 34 साल निवासी प्रभात नगर लालबाग थाना बसंतपुर को अवैध रूप से धन अर्जित करने के लिए अवैध रूप से शराब बिक्री करते पाए जाने से आरोपी के कब्जे से 14 पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 1120 रुपए जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है तथा अनावेदक हर्ष पांडया 23 साल निवासी प्रभात नगर द्वारा मोहल्ले में शांति भंग करने की सूचना पर अनावेदक के विरूद्ध इस्तगाशा धारा 170, 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत कार्रवाई कर अनावेदक को गिरफ्तार किया गया। आरोपी अर्जुन धनकर एवं हर्ष पांड्या को पृथक-पृथक न्यायालय में पेश किया गया तथा माननीय न्यायालय से आरोपीगणों का जेल वारंट प्राप्त होने उपरांत जिला जेल राजनांदगांव दाखिल किया गया।

## सांसद ने किया भवन का लोकार्पण



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

डोंगरगांव विधानसभा अंतर्गत आने वाले ग्राम मोखली में साहू समाज द्वारा मां कर्मा जयंती और मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद संतोष पांडे शामिल हुए। श्री पांडे ने भक्त माता कर्मा की पूजा-अर्चना कर छत्तीसगढ़ की सुख-समृद्धि और प्रदेशवासियों की खुशहाली की कामना किया। सांसद पांडे ने साहू समाज का ध्वजारोहण किया। तत्पश्चात सामाजिक बंधुओ ने सांसद का स्वागत सम्मान किया। सांसद पांडे ने फीता काटकर कर्मा भवन का लोकार्पण किया और साहू समाज की मांग पर सामुदायिक भवन साहूपारा में शेड निर्माण के लिए 3 लाख रुपए देने की घोषणा की। इस मौके पर मनीष साहू, टुमनलाल साहू, भुवनलाल साहू, सोहद्रा साहू, प्रीतम साहू, रोहित साहू, रेवाराम साहू, जगदीश साहू, देवलाल साहू, योगेंद्र साहू, गोवर्धनलाल साहू, सुबलाल साहू, बसंत साहू, पीलेश्वर साहू, टीसी साहू, जेएन साव, कांति साहू, पीलूराम, रोमेश्वरी, परमेश्वरी नूतन साहू, हीरुराम साहू, शरद साहू, टुमन साहू, देवेंद्र साहू सहित सामाजिक बंधु एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## खेलों में नई उड़ान, सिंथेटिक ट्रैक को मिली मंजूरी

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ सरकार के प्रस्ताव पर केंद्रीय खेल एवं युवा कल्याण मंत्रालय ने मुहर लगाते हुए राजनांदगांव में 6.36 करोड़ रुपये की लागत से 800 मीटर लम्बे 4 लेन के सिंथेटिक ट्रैक निर्माण की मंजूरी दे दी है। यह ट्रैक दिग्विजय स्टेडियम में खेलो इंडिया योजना के अंतर्गत तैयार किया जाएगा। इस ट्रैक के निर्माण से जिले में खेल गतिविधियों को नई दिशा और गति मिलेगी।

जिला भाजयुमो अध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह ने कहा कि इस स्वीकृति से खेलप्रेमियों में भारी उत्साह है। विश्वस्तरीय सुविधाओं के बीच स्थानीय धावकों को अपने कौशल को निखारने का सुनहरा अवसर मिलेगा। साथ ही, नए खिलाड़ियों को तैयार करने में भी यह ट्रैक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। मोनू बहादुर सिंह ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि डॉ. रमन सिंह की अनुशंसा और लगातार प्रयासों के कारण ही राजनांदगांव को यह खेल सुविधा प्राप्त हुई है। इससे पूर्व भी उनके प्रयासों से शहर को अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम और दिग्विजय स्टेडियम में मल्टी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स जैसी सुविधाएं प्राप्त हुई हैं। मोनू बहादुर सिंह ने इस उपलब्धि के लिए सांसद संतोष पांडे का भी आभार व्यक्त किया।












## भारत के नव-निर्माण में अटल जी का व्यक्तित्व हमारे लिए प्रेरणा है: भावना बोहरा

# विधायक ने नपं इंदौरी में किया अटल परिसर का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶इंदौरी

पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती एवं सुशासन दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में अटल परिषर बनाने की घोषणा की थी। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ राज्य निर्माता स्व.अटल वाजपेयी की स्मृति में नगर पंचायत इंदौरी में 20 लाख रुपए की लागत से निर्मित अटल परिषर का पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने लोकार्पण किया और समस्त क्षेत्रवासियों को बधाई व शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर नगर पंचायत इंदौरी की अध्यक्ष श्रीमती मित्रीन बाई महंगीलाल मांडले, पार्षद गण, जनप्रतिनिधि एवं क्षेत्रवासी उपस्थित थें।

विधायक श्रीमती बोहरा ने कहा कि स्व. अटल बिहारी वाजपेयी ने छत्तीसगढ़ को अलग राज्य का दर्जा देकर यहां के निवासियों को बड़ी सौगात दी साथ ही उन्होंने प्रदेश के विकास हेतु जो सौगातें दी एवं अपने सुशासन में आजीवन राष्ट्र की प्रगति और राष्ट्र के नागरिकों की उन्नति में समर्पित रहे। भारत के नवनिर्माण में उनका व्यक्तित्व और कृतित्व हमारे लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। अटल बिहारी के सुशासन एवं एक भारत-श्रेष्ठ भारत की संकल्पना को सार्थक करते हुए जन-कल्याण व प्रदेश में मुख्यमंत्री के सुशासन और प्रधानमंत्री के विकसित भारत-विकसित छत्तीसगढ़ के लक्ष्य को पूरा करने के लिए हम कटिबद्ध हैं।

आज उनके ही आदर्शों को स्मरण करते हुए भारत के प्रधानमंत्री एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री के नेतृत्व में डबल इंजन भाजपा सरकार के रूप में प्रदेश में सुशासन का उदय हुआ है। आज प्रदेश में विकास की रफ्तार गांव-गांव में ट्रिपल इंजन की रफ्तार से हो रहे हैं, जनता की सुविधाओं, अधोसंरचना विकास, सड़कों का विस्तार, आवास का निर्माण, घर-घर शुद्ध पेयजल, बिजली की पर्याप्त व्यवस्था आज भाजपा सरकार के कुशल नेतृत्व में पूर्ण पारदर्शिता के साथ योजनाओं का क्रियान्वयन एवं जनता तक सीधे उसका लाभ पहुंच रहा है।

### नपं इंदौरी में विकास कार्य तीव्र गति से चल रहा




विधायक ने कहा कि नगर पंचायत इंदौरी में भी विकास कार्य तीव्र गति से चल रहें हैं। भाजपा की सरकार बनने के बार महज 15 महीनों के भीतर ही नगर पंचायत इंदौरी में लगभग 4 करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्यों की स्वीकृति मिली है बहुत से कार्य प्रगति पर हैं तो कुछ पूर्ण हो चुके हैं। इसी कड़ी में आज 20 लाख रुपए की लागत से निर्मित अटल परिषर का लोकार्पण किया गया। नगर पंचायत इंदौरी में अधोसंरचना विकास हेतु 3 करोड़ 50 लाख रुपए से अधिक के कार्यों की स्वीकृति मिली है, इसके तहत सीसी रोड निर्माण, क्षेत्र में प्रकाश व्यवस्था हेतु प्रमुख स्थलों में हाई मास्ट लाईट व ग्रामीण क्षेत्रों में स्ट्रीट लाइट की स्थापना, चौक-चौराहों का सौन्दर्यीकरण, मुक्तिधाम का उन्नयन, खराब सड़कों की मरम्मत और नाली निर्माण का कार्य किया जाएगा, जिससे नगरवासियों को सुविधा मिलेगी। मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत इंदौरी बस स्टैण्ड से छोटे रगरा व बड़े रगरा, बहरमुड़ा तक पैच रिपेयर मरम्मत कार्य के लिए 4 लाख 54 हजार रुपए की स्वीकृति मिली है। विधायक निधि के तहत लगभग 10 लाख रुपए की स्वीकृति मिली है जिससे विभिन्न विकास कार्यों के माध्यम से नगरवासियों की मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त किया जाएगा। बेहतर स्वास्थ्य सुविधा हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र इन्दौरी का 30 बिस्तर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उन्नयन करने की स्वीकृति भी मिली है, जिससे नगरवासियों को बेहतर चिकित्सकीय सुविधा मिलेगी।

### समीक्षा बैठक में शामिल हुई बोहरा, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

भावना बोहरा ने कहा कि आज इंदौरी नगर पंचायत के हर क्षेत्र में विकास तीव्र गति से हो रहा है। सड़क, बिजली, पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के साथ ही अधोसंरचना विकास के कार्य भी तेजी से हो रहें हैं। महतारी वंदन योजना के माध्यम से आज इंदौरी नगर की लगभग 1000 हजार महिलाओं को प्रतिवर्ष 12000 रुपए की आर्थिक सहयता मिल रही है। लगभग 5300 लाभार्थियों को आयुष्मान भारत योजना के जरिए 5 लाख तक निःशुल्क उपचार मिल रहा है। नगर के 1600 से अधिक किसानों को दो वर्ष का बकाया धान बोनस मिला वहीं 3100 रुपए क्विंटल की दर से रिकॉर्ड धान की खरीदी की गई। विधानसभा के 18000 से अधिक परिवारों के आवास का सपना पूरा हो रहा है। इन सभी कार्यों और योजनाओं से आज प्रदेश के हर व्यक्ति के जीवन में व्यापक सुधार आने के साथ ही जनता आर्थिक रूप से सशक्त हो रहे हैं। तत्पश्चात नगर पंचायत इंदौरी में आयोजित समीक्षा बैठक में विधायक भावना बोहरा शामिल हुई और सभी विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों, विकास कार्यों की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की और गर्मी को देखते हुए नगर में पर्याप्त जल व बिजली की सुचारू व्यवस्था एवं जन समस्याओं को सुना और उसके तत्काल निराकरण के लिए उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के सन्दर्भ में भी विस्तृत चर्चा की और नगरवासियों को इसका लाभ दिलाने में आ रहे अवरोधों को दूर करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।

# हरलीन कौर ने एमिटी यूनिवर्सिटी एलएलएम में हासिल किया प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶पंडरिया



नगर पंचायत पंडरिया के व्यवसायी काक्का सलूजा की सुपुत्री हरलीन कौर (प्रांशी) को एमिटी यूनिवर्सिटी कॉलेज एलएलएम में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया गया। जिस पर एलएलएम में प्रथम स्थान प्राप्त कर परिवार व नगर पंचायत पंडरिया को गौरवांवित किया है। वहीं हरलीन कौर को परिजनों व साथियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी साथ ही साथ समाज व नगरवासियों में भारी हर्ष का माहौल बना हुआ है।

### मूल्यांकन केंद्र रौचन मे मूल्यांकन कार्य संपन्न



**हरिभूमि कवर्धा।** बोड़ला विकासखण्ड के हाई स्कूल रौचन संकुल मुख्यालय में शिक्षण सत्र 2024-25 केंद्रीयकृत परीक्षा कक्षा पांचवी एवं आठवीं का उत्तर पुस्तिका मूल्यांकन 30 मार्च से 2 अप्रैल एवं आठवीं की परीक्षा का मूल्यांकन 5 से 9 अप्रैल के मध्य मूल्यांकन केंद्र जिसमें संकुल राजानवागांव, छपरी, मिमिनिया मैदान, भालूचुवा, रौचन, महाराजपुर, खैरबना कला, घोंघा संकुलों से 112 शिक्षक-शिक्षिकाओं ने मूल्यांकन कार्य समयावधि में अपने दायित्व का निर्वहन करते लगभग 8900 उत्तर पुस्तिका का प्राथमिक विभाग में चार विषय एवं माध्यमिक विभाग में 06 विषयों का जांच कार्य बखूबी संपन्न किया। शिक्षण सत्र 2024-25 लोक शिक्षण संचनालय से प्राप्त निर्देश का परिपालन करते हुए मूल्यांकन केंद्र में मुख्य मूल्यांकन कर्ता विषय वार नियुक्त किए गए, शिक्षा विभाग द्वारा निर्धारित प्राथमिक विभाग मूल्यांकन कार्य प्रति उत्तरपुस्तिका 2 व माध्यमिक विभाग 03 रुपए की दर से मूल्यांकनकर्ताओं को देय होगा। मूल्यांकन केंद्र में सफलता पूर्ण जांच कार्य के लिए 08 संकुलों के प्राचार्य गण एवं संकुल शैक्षिक समन्वयक कामता चंद्रवंशी, अखिलेश मिश्रा, भूखन पाटिल, राजाराम साहू, शिवकुमार मरकाम, दिलीप सिंह, दयाशंकर साहू ने सेवाएं समर्पित की। मूल्यांकन केंद्र में जिला शिक्षा अधिकारी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी का आवश्यक परीक्षा संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया, मुख्य मूल्यांकनकर्ता के रूप में अनिल श्रीवास्तव, तरुण चौरिया, दिलीप नागवंशी, शक्तिमान दास राय, संजय पटेल, धनंजय रात्री, हीरा रात्री, श्रीमती मोतिहारी ध्रुव, बुधियारिन धुर्वे, मीना राम साहू, अविनाश चंद्रवंशी ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। संकुल प्राचार्य शिवकुमार सिन्हा, संकुल शैक्षिक समन्वयक दिलीप सिंह ठाकुर ने मूल्यांकन कार्य समाप्ति उपरांत 8 संकुलों के समस्त प्राचार्य गणों, समस्त सीएसी एवं मूल्यांकन कार्य में संलग्न में सहभागी बने समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं, समस्त प्रधान पाठकों का आभार व्यक्त किया।

## खबर संक्षेप

### हेमचंद विवि ने रोके गए परीक्षा परिणाम की घोषित

**हरिभूमि कवर्धा।** दुर्ग के हेमचंद विवि ने रोके गए परीक्षा परिणाम जारी कर दिए है। इसमें वार्षिक व सेमेस्टर परीक्षा वर्ष जारी कर दिए है। इसमें वार्षिक व सेमेस्टर परीक्षा वर्ष 2020 व 2024 अंतर्गत बीए भाग एक, एमए समाज शास्त्र चतुर्थ सेमेस्टर, एमएससी वनस्पति विज्ञान चतुर्थ सेमेस्टर परीक्षा शामिल है। परीक्षा परिणाम विवि की वेबसाइट में अपलोड की गई है। संबंधित अभ्यर्थी विवि के वेबसाइट में अवलोकन कर सकते है।

### पराली जलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की मांग

**हरिभूमि कवर्धा।** खेतों में पराली जलाने से मृदा और वायु प्रदुषण बढ़ रहा है। पशुओं के लिए चारे का संकट भी गहराता जा रहा है। वहीं किसानों द्वारा फसल कटाई के बाद खेतों में आग लगाई जा रही है। इससे मृदा की उपजाऊ व वायु प्रदूषण हो रही है। जिस पर सख्त कार्यवाही की मांग की गई।

# पुलिस महानिरीक्षक ने थाना लोहारा व पुलिस अधीक्षक कार्यालय कबीरधाम का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

गुरूवार को पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज दीपक झा ने जिले के वार्षिक निरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत थाना सहसपुर लोहारा, उप पुलिस अधीक्षक अजाक कार्यालय तथा पुलिस अधीक्षक कार्यालय कबीरधाम का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने पुलिसिंग व्यवस्था का गहन अवलोकन कर अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। थाना लोहारा पहुंचने पर आईजी को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। तत्पश्चात वे समस्त पुलिसकर्मियों से संवाद करते हुए उनकी व्यक्तिगत व विभागीय समस्याओं को सुना और आवश्यक निराकरण सुनिश्चित किया। उन्होंने थाना में संधारित समस्त महत्वपूर्ण रजिस्टरों की जांच की, मालखाना, शस्त्रागार, पुरुष-महिला बंदीगृह, बैरक, विवेचक कक्ष, सीसीटीएनसी कक्ष एवं प्रभारी कक्ष का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की सराहना की।

आईजी ने लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए विवेचकों को शीघ्र, निष्पक्ष और गुणवत्ता युक्त विवेचना के लिए प्रोत्साहित किया। निरीक्षण के उपरांत थाना परिषर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लोहारा के सहयोग से पुलिस स्टाफ के लिए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। इसके बाद थाना परिसर में पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल एवं पंकज पटेल, अनुविभागीय अधिकारी लोहारा प्रतीक चतुर्वेदी की उपस्थिति में वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न हुआ, जो पर्यावरण संरक्षण व हरित थाना परिसर की दिशा में एक सराहनीय पहल रही।

थाना लोहारा के निरीक्षण के पश्चात आईजी महोदय ने जिला मुख्यालय में उप पुलिस अधीक्षक अजाक कार्यालय तथा पुलिस अधीक्षक कार्यालय कबीरधाम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न शाखाओं जैसे अपराध शाखा, अनुसंधान शाखा, नियंत्रण कक्ष, हेल्पडेस्क, रिकॉर्ड शाखा आदि की कार्यप्रणाली की समीक्षा की। आईजी द्वारा निरीक्षण के दौरान जिले की पुलिस व्यवस्था को जनसहभागिता, पारदर्शिता और तत्परता की दिशा में अग्रसर बताते हुए सराहना की गई।

# घरेलू एलपीजी सिलेंडर में 50 रुपए की बढ़ोत्तरी ग्रामीण जन परेशान



हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

केंद्र सरकार ने घरेलू रसोई गैस एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 50 रुपए की बढ़ोत्तरी का ऐलान किया है। यह बढ़ोतरी 14.2 किलो के सब्सिडी और नॉन सब्सिडी दोनों तरह के सिलेंडरों पर लागू होगी, जिसमें प्रधानमंत्री उज्वला योजना के लाभार्थी भी शामिल हैं। मिली जानकारी के अनुसार उज्वला योजना के तहत सिलेंडर की कीमत बढ़ने से घरेलू उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ गई है। छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार आने के बाद गैस सिलेंडर में राहत नहीं मिल रहा है भाजपा केन्द्र सरकार व मोदी की गारंटी तथा डबल इंजन की सरकार है तो मुमकिन है लेकिन आज गैस सिलेंडर सस्ता होने की बजाय और 50 रूपए गैस सिलेंडर में बढ़ोत्तरी किया गया है। जिससे ग्रामीण महिलाओं को भोजन बनाने में भारी दिक्कतों व परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है साथ ही साथ महंगाई चरम सीमा पर हैं वहीं घरेलू सामान तथा गैस सिलेंडर का दाम 50 रूपए बढ़ने के कारण आम नागरिक परेशान है।

### महिला थाना में एक दिवसीय जीवन शैली जागरूकता शिविर आयोजित




**हरिभूमि कवर्धा।** जिले के महिला थाना में बुधवार प्रातः 10 से शाम 4 बजे तक एक दिवसीय गैर संचारी व्याधि (बीपी-शुगर, मोटापा, अनिद्रा, कोलेस्ट्रॉल आदि) तथा जीवन शैली जन-जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आयुर्वेद चिकित्सकों ने महिला थाना के अधिकारी-कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों का स्वास्थ परीक्षण कर निःशुल्क औषधियां प्रदान की। शिविर प्रभारी डॉ ऋतु सिंह ने लाईफ स्टाइल क्लीनीक के उद्देश्य, स्वस्थ जीवन शैली, आहार-विहार, दिनचर्या एवं योग के महत्व पर व्याख्यान दिया। शिविर में डॉ ऋतु सिंह व डॉ प्रियांशु मेहता ने आयुर्वेद एवं योग के माध्यम से चिकित्सा प्रदान की। फार्मासिस्ट जय कुमार चौहान एवं वॉर्ड बॉय राजकुमार मरकाम ने अपनी सेवाएं प्रदान की।

# पंचायत सचिवों की हड़ताल से पंचायत में कामकाज ठप

- शासकीयकरण की मांग को लेकर हड़ताल पर।

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

जिले में पंचायत सचिव शासकीयकरण की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे है लेकिन अभी तक इनकी मांगे पूरी नहीं हुई है। जिले के पंचायत सचिवों द्वारा ढोल-नगाड़े बजाकर सरकार को जगाने की कोशिश की है। उल्लेखनीय है कि पंचायत सचिव शासकीयकरण की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी है। पंचायत सचिवों के हड़ताल के कारण पंचायतों के सभी काम-काज ठप पड़ गए है। भाजपा के घोषणा पत्र में कार्यरत पंचायत सचिवों के शासकीयकरण करने का भरोसा दिया था। जिसके मद्देनजर मुख्यमंत्री द्वारा मोदी की गारंटी को पुरा करने हेतु तत्काल कमेटी गठन की गई थी। पंचायत सचिवों के शासकीयकरण के लिए कमेटी का गठन कर प्रतिवेदन भी प्रस्तुत कर दी गई है परंतु अभी तक इस पर कोई ठोस पहल नहीं उठाया गया। पंचायत सचिवों का कहना है कि इस बार आर-पार की लड़ाई लड़ी जाएगी। जब तक हम लोगों की मांगे पूरी नही हो जाती है, तब तक हड़ताल समाप्त नहीं करेंगे। वहीं हड़ताली स्थल पर ही उन्होंने ढोल-नगाड़े बजाकर सरकार को जगाने की कोशिश की जा रही है।

## भाजपा राष्ट्र निर्माण के लिए सदैव समर्पितः सांसद पाण्डेय

# पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम में भाजपा के 46वें स्थापना दिवस पर विधानसभा स्तरीय सक्रिय सदस्य सम्मेलन संपन्न




हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

भाजपा के 46वें स्थापना दिवस के मौके पर बुधवार को पीजी कॉलेज के ऑडिटोरियम में विधानसभा स्तरीय सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित की गई। सम्मेलन के मुख्य वक्ता व राजनांदगांव लोकसभा के सांसद संतोष पाण्डेय ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा भाजपा एकमात्र ऐसी पार्टी है, जिसमें लोकतांत्रिक परंपराओं का निर्वाहन किया जाता है। सांसद ने कहा कि पार्टी के लिए सत्ता नही, राष्ट्र प्रथम होता है। पूर्व पीएम अटल बिहारी व पीएम नरेंद्र मोदी के समर्पण और कड़ी मेहनत से आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बन चुकी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृढ़ संकल्प और कार्यशैली से भारत आज आत्मनिर्भर और सशक्त राष्ट्र बनता जा रहा है। उन्होंने कहा कोरोना काल के दौरान जब पूरा विश्व सदमे में थी। उस समय हमारे देश के वैज्ञानिक पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वैक्सीन बनाने में लगे थे। भारत में बनी वैक्सीन 98 देशो में भेजी गई, कई पड़ोसी देशों को मुक्त में वैक्सीन उपलब्ध कराए गए। इससे पहले वैक्सीन के लिए हम विदेशों पर निर्भर हुआ करते थे, आज प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नेतृत्व में हम उन तमाम वस्तुओं पर आत्मनिर्भर होते जा रहे हैं। जिन पर कभी हमारा देश दूसरे देशों पर आश्रित हुआ करती थी।

उन्होंने कहा 2047 तक हमारा देश आत्म निर्भर हो जाएगा, उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 से अब तक बीते इन अल्पकाल में ना केवल अर्थ व्यवस्था को दुरूरत किया, बल्कि विश्व स्तर पर पर्यावरण सुधार के अभियान चलाया है। सांसद ने बताया हमारा देश इंटरनेट, अक्षय ऊर्जा, जैव ईंधन, ग्रीन हाइड्रोजन से भरपूर ऊर्जा हमको मिलने वाली है। हाल ही में 964 करोड़ की लागत से राजनांदगांव क्षेत्र में सोलर ऊर्जा का प्लांट लगाया गया है। इसकी बिजली हम रेलवे को बेंच रहे हैं, ऐसे ही हमारा देश आने वाला समय में आत्मनिर्भर हो जाएगा। उन्होंने कहा मोदी सरकार देश हित में गुड गवर्नेश व समरसता के साथ देश को गति देने का काम कर रही है। उन्होंने सक्रिय सदस्यों से केन्द्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने की आग्रह किया।

इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष ने सक्रिय कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक विषयों पर समीक्षा की। उन्होंने कार्यकर्ताओं संगठन द्वारा 6 से 14 तक दिए गए प्रकल्पों बूथ समिति की बैठक, मंदिर, अस्पताल, स्कूल, गलियों की स्वच्छता, लाभर्थियों से मुलाकात उनसे बातचीत, समाज के मुखिया से मेल मुलाकात, उनके घर भोजन, भाजपा के झंडो के साथ गलियों में यात्रा, संध्या में ग्रामीणों या वासियों की चौपाल लगाने व गांव - बस्ती चलो अभियान को निर्धारित समय में पूर्ण करने को कहा। जिला भाजपा के उपाध्यक्ष तथा सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन के संयोजक ने अपनी बातें पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के संदेशों से प्रारंभ किया। अंधेरा छटेगा, सूरज निकलेगा, और कमल खिलेगा। उन्होंने कहा भाजपा के कार्यकर्ता ही वो दधीचि है, जिन्होंने राष्ट्र व धर्म रक्षा के लिए अपनी हड्डियां गलाई। जिसके ऊपर आज बीजेपी पंच से लेकर संसद तक अपनी सरकार बनाई है।

उन्होने कहा कार्यकर्ता पूरे जीवन अटूट संघर्ष करते हुए पार्टी को इस मुकाम तक पहुंचाएं जो पार्टी 1980 में शून्य से प्रारंभ हुई थी। आज 45 वर्ष के राजनीतिक सफर में उत्कर्ष को प्राप्त किया है, उसका एक ही ध्येय रहा है राष्ट्र प्रेम और धर्म की रक्षा के लिए तन समर्पित, मन समर्पित और ये जीवन समर्पित की भाव है। सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन में संगठन सह प्रभारी अंजू राजपूत, मोतीराम चंद्रवंशी, डॉ सियाराम साहू,महामंत्री द्वय क्रांति गुप्ता, संतोष पटेल, जसविंदर बग्गा, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, कोषाध्यक्ष रुपेश जैन, चन्द्रकुमार सोनी समेत जिला, जनपद, नगर पंचायत के अध्यक्ष, सदस्य व बड़ी संख्या में भाजपा के सक्रिय सदस्य उपस्थित थे।

### डड़सेना कलार समाज के अधिकारी-कर्मचारियों का सम्मेलन 13 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जिले में कार्यरत डड़सेना कलार समाज के समस्त शासकीय अधिकारी एवं कर्मचारियों का सम्मेलन 13 अप्रैल को दोपहर 12 बजे डड़सेना कलार सामाजिक भवन में आयोजित किया जाएगा। यह महत्वपूर्ण आयोजन समाज के जिलाध्यक्ष रूपेंद्र जायसवाल के नेतृत्व व मार्गदर्शन में संपन्न होगा। सम्मेलन में जिले भर के सभी विभागों में कार्यरत सामाजिक शासकीय अधिकारी एवं कर्मचारी एकत्र होकर समाज में सहभागिता, एकजुटता और सामाजिक समरसत्ता पर विचार-विमर्श करेंगे।

साथ ही समाज के विकास में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के साथ सामाजिक दायित्वों पर भी चर्चा करेंगे। इस अवसर पर डड़सेना कलार समाज जिला कबीरधाम शासकीय अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ का गठन भी किया जाएगा, जो समाज के संगठनात्मक ढांचे को और मजबूत करेगा। कार्यक्रम में जिले के चारों परिक्षेत्रों के परिक्षेत्र अध्यक्षों की गरिमामयी उपस्थिति प्रस्तावित है।

HEALTH TOWN
K'sagar's
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

हादसा: ट्रक की चपेट में आए ग्रामीण, ओव्हर टेक चक्कर में आरक्षक दुर्घटना का शिकार

# तीन सड़क हादसों में दो की मौत, आरक्षक सहित 4 गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▸▸|कवर्धा/पोंड़ी/पंडरिया

कवर्धा में गुरुवार का दिन हादसों भरा रहा। यहां गुरूवार को तीन अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में जहां एक बुजर्ग ग्रामीण व युवक की मौत हो गई वहीं एक आरक्षक सहित तीन लोग घायल हो गए। तीनों घायलों को ईलाज के लिए अस्पताल में दाखिल कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के बोड़ला थाना क्षेत्र से गुजरने वाले नेशनल हाईवे रायपुर-जबलपुर मार्ग में ग्राम लेंजाखार के पास मोटर सायकल सवार ग्रामीणों को एक ट्रक चालक ने लापरवाही तथा तेज गति से वाहन चलाते हुए अपनी चपेट में ले लिया। इस दुर्घटना में मोटर सायकल सवार भदुल धुर्वे आयु 70 वर्ष निवासी ग्राम बोधईकुंडा की गंभीर चोट आने से मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं दूसरा मोटर सायकल सवार विनोद परिहार गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद राहगीरों ने इसकी सूचना तत्काल डॉयल 112 को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची डॉयल 112 की टीम ने मृतक का शव बरामद कर घायल ग्रामीण को तत्काल अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। हालांकि आरोपी की गिरफ्तारी के संबंध में जानकारी नहीं मिल पाई है।






## सड़क हादसे में आरक्षक गंभीर रूप से घायल

जिला मुख्यालय कवर्धा से गुजरने वाले लोहारा मार्ग में गुरूवार की सुबह एक भीषण सड़क हादसा सामने आया है। जिसमें एक पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल पुलिस को जिला चिकित्सालय में प्राथमिक उपचार के बाद रिफर कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरूवार की सुबह करीब 10.00 बजे लोहारा की तरफ से आरक्षक चतुर मण्डावी अपनी मोटर सायकल से कवर्धा की ओर आ रहे थे। बताया जाता है कि इसी दौरान कवर्धा कोतवाली क्षेत्र स्थित स. लोहारा मार्ग के दानवीर भामाशाह भवन के सामने एक वाहन को ओव्हर टेक करने के दौरान श्री मण्डावी की भिडंत ट्रैक्टर ट्राली से हो गई। इस हादसे में आरक्षक श्री मण्डावी के सिर में गंभीर चोटआई। जिसके बाद राहगीरों ने घटना की जानकारी तत्काल डॉयल 112 को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची डॉयल 112 की टीम ने घायल आरक्षक को जिला चिकित्सालय पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बाहर रिफर कर दिया गया है। अभी तक इस मामले में पुलिस कार्यवाही की जानकारी नहीं मिल पाई है।



## स्कार्पियो ने मोटर सायकिल सवारों को मारी ठोकर, एक की मौत

तीसरा सड़क हादसा पंडरिया थाना अंतर्गत ग्राम किशुनगढ़ के पास का है। जहां गुरूवार की शाम एक तेज रफ्तार स्कार्पियो वाहन ने मोटर सावर दो ग्रामीण युवकों को टक्कर मार दी। बताया जाता है कि हादसे के बाद आरोपी वाहन चालक दोनों घायलों को सड़क में ही छोड़कर मौके से फरार हो गया। जिसकी सूचना राहगीरों ने पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को पंडरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया। लेकिन ईलाज के दौरान गंभीर रूप से घायल युवक प्रेम साहू आयु 35 वर्ष निवासी ग्राम कापादह की मौत हो गई। वहीं यवुक को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल कवर्धा रिफर कर दिया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर आरोपी वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और अब आरोपी की तलाश की जा रही है।

# कुरूवा में तूफान का भारी कहर



हरिभूमि न्यूज ▸▸|सिल्हाटी

बीते बुधवार को कवर्धा सहित अंचल में अचानक बदले मौसम के बीच तेज आंधी तूफान ने कई ईलाकों में भारी तबाही मचाई है। जानकारी के मुताबिक बुधवार को दूसरे पहर में अचानक बदले मौसम के बीच तेज आंधी तूफान ने विकासखण्ड स. लोहारा के ग्राम कुरूवा में भारी नुकसान पहुंचाया है। यहां तेज आंधी तूफान में स्थानीय धान उपार्जन केन्द्र का टीन सेड उड़ गया। इतनी ही नहीं इस टीन सेड में लगे लोहे के एंगल तक उड़ गए और आस पास खड़े वाहनो में जा गिरे जिससे वाहनो को भी खासा नुकसान पहुंचा है। ग्रामीणों की माने तो बुधवार यहां तेज आंधी तूफान तथा बेमौसम बारिश का कहर देखने को मिला है। जिसमें क्षेत्र के कई पेड़ तथा विद्युत पोल भी उखड़ गए। ग्रामीणों ने बताया कि विद्युत पोल के क्षतिग्रस्त होने से यहां विद्युत सप्लाई भी बाधित हुई है। जिससे लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यहां बताना लाजिमी होगा कि बुधवार को खिली चटख और चिलचिलाती धूप के बीच दूसरे पहर में मौसम को भगवान जाने क्या हुआ कि उसने अचानक ही अपना मिजाज बदल दिया। देखते ही देखते चिलचिलाती धूप और तपिश गायब हो गई।

आसमान में काली बदली छा गई और तेज आंधी तूफान शुरू हो गया। इस दौरान गरज के साथ हल्की बूंदा बांदी और तेज आंधी तूफान शुरू हो गया। यह आंधी तूफान इतना तेज था कि इससे अंचल के कई टीन सेड, फ्लेक्स, पेड़ों तथा विद्युत पोल को जमीदोज कर दिया। हालांकि इस आंधी तूफान में किसी हताहत होने की खबर सामने नहीं आई है लेकिन लोगों को आर्थिक नुकसान जरूर उठाना पड़ा है।

## खबर संक्षेप

### विहिप एवं बजरंग दल मनाएगी हनुमान जयंती

**कवर्धा।** विहिप एवं बजरंग दल के तत्वाधान में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी धर्मनगरी कवर्धा में 12 अप्रैल को पवन पुत्र हनुमान जी का जन्मोत्सव धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस संबंध में बजरंग दल जिला संयोजक सचिन श्रीवास्तव ने बताया कि विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल कबीरधाम के तत्वधान में कवर्धा नगर में हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाएगा। कवर्धा खेड़ापति मंदिर से मर्यादा पुरूषोतम प्रभु श्रीराम, हनुमान झांकी व शोभा यात्रा नगर भ्रमण के लिए निकाली जाएगी। साथ ही इस वर्ष एकता चौक में हनुमान चालीसा पाठ एवं भव्य महाआरती 11 युवा साथियों के माध्यम से विशेष हिंदुत्व परिधान धोती कुर्ते में शंखनाद के साथ की जाएगी। श्री श्रीवास्तव ने बताया कि शोभा यात्रा खेड़ापति हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर करपात्री चौक, सराफा लाइन, ऋषभदेव चौक, एकता चौक, सिग्नल चौक से होते हुए पूर्व सीएम हाउस, गुरु नानक गेट से मेन मार्केट सहित प्रमुख मार्गो में भ्रमण करेगी।

### वनांचल में हनुमान जयंती की तैयारी

**कोदवागोडान।** बजरंग सेवा समिति द्वारा 12 अप्रैल शनिवार को श्री हनुमान लला का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाए जाने का निर्णय लिया गया है। इस अवसर पर भव्य कलश यात्रा के पश्चात साप्ताहिक बाजार परिसर में स्थित श्री हनुमान मंदिर में हनुमान चालीसा, सुंदरकांड पाठ और हवनपूजन का आयोजन रखा गया है। समिति के सदस्यों ने बताया कि श्रद्धालुओं के सहयोग से आयोजित श्री हनुमत जन्मोत्सव पर प्रसाद स्वरूप शीतल पेय और सार्वजनिक मिष्ठान वितरण भी किया जाएगा।

# जिले में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत पंजीयन जारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸|कवर्धा

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आयोजित मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत पात्र कन्याओं का सामूहिक विवाह कार्यक्रम के लिए पंजीयन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

इस योजना का उद्देश्य गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों तथा मुख्यमंत्री खाद्यान्न सहायता योजना के तहत राशन कार्डधारी परिवारों की 18 वर्ष से अधिक उम्र की अविवाहित कन्याओं का सामूहिक विवाह कराना है। इस कार्यक्रम में विवाह के लिए वर की आयु 21 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए।

कन्याओं का पंजीयन महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना कार्यालयों में किया जा रहा है, जो निम्नलिखित स्थानों पर स्थित है। तरेगांव जंगल, बोड़ला, चिल्फी, पंडरिया, कुकदुर, कुण्डा, कवर्धा, दशरंगपुर और सहसपुर लोहारा। ऐसे परिवार जो उपरोक्त पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं, वे इस योजना के तहत पंजीयन करा सकते हैं। इस योजना के तहत, प्रत्येक कन्या को 35,000 रुपये की राशि प्रोत्साहन स्वरूप बैंक ड्राफ्ट, चेक के माध्यम से प्रदान की जाती है। इसके अलावा, विवाह आयोजन, वर-वधु के वस्त्र, श्रृंगार, मंगलसूत्र, पायल आदि पर 15,000 रुपये प्रति जोड़े के हिसाब से खर्च किए जाते हैं।

# करंट की चपेट में गौधन की मौत से ग्रामीणों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▸▸|कोदवागोडान



पंडरिया थानांतर्गत आने वाले समीपस्थ ग्राम खैरडोंगरी में फसल सुरक्षा के लिए लगाए गए विद्युत करंट की चपेट में आने से अनेक गौधन की मौत को लेकर लोगों में आक्रोश है।

बजरंग दल ने दोषी व्यक्ति के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग की है। स्थानीय ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम खैरडोंगरी में एक युवक द्वारा अपने खेत में धान की फसल के चारों ओर लगाए गए जाली तार में विद्युत करंट प्रवाहित किए जाने से उसकी चपेट में आकर लगातार पशुधन की मौतें हो रही हैं। स्थानीय लोगों ने पहले ही युवक को इस बारे में आगाह करते हुए विद्युत करंट लगाने से मना किया था लेकिन उसने ग्रामीणों की हिदायत पर ध्यान नहीं दिया। बताया गया कि विगत 8 अप्रैल को फिर से खेतों में लगे अवैध करंट की चपेट में आने से दो और गौधन की मौत हो गई। जिससे आक्रोशित ग्रामीणों एवं बजरंग दल के सदस्यों ने इसकी लिखित रिपोर्ट पंडरिया थाने में करते हुए दोषी व्यक्ति के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही किए जाने की मांग की है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि युवक की लापरवाही और जानबूझकर की गई धृष्टता के चलते ही गौधन की मौतें हुईं हैं। लोगों ने थाना प्रभारी पण्डरिया से मांग की है कि इस मामले में उचित कार्रवाई करते हुए दोषी व्यक्ति के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएं।

# कवर्धा विस क्षेत्र में 30 नई प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसायटियों का पुनर्गठन

हरिभूमि न्यूज ▸▸|कवर्धा



उपमुख्यमंत्री व कवर्धा विधायक विजय शर्मा के नेतृत्व में कवर्धा विधानसभा क्षेत्र में किसानों के हित में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा के अथक प्रयासों से 30 नई प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसायटियों का गठन किया गया है, जिससे क्षेत्र के किसानों को अब धान बेंचने, आसानी से कृषि ऋण और अन्य सेवाओं का लाभ मिल सकेगा। इस पहल से क्षेत्र के किसानों को विशेष लाभ होगा, किसानों को अब बैंक से कृषि ऋण लेने में सहुलत होगी। इन सोसायटियों के गठन से क्षेत्र के कृषि क्षेत्र में संरचनात्मक सुधार की संभावना भी बढ़ेगी और किसानों के बीच आर्थिक समृद्धि को बढ़ावा मिलेगा। इस पहल को लेकर किसानों में उत्साह है और उम्मीद जताई जा रही है कि यह कदम आने वाले समय में क्षेत्र के विकास की रफ्तार को और तेज करेगा। छत्तीसगढ़ शासन के सहकारिता विभाग द्वारा जिला कबीरधाम की प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसायटियों के पुनर्गठन के लिए पुनर्गठन योजना 2025 को छत्तीसगढ़ राजपत्र (असाधारण) क्रमांक 292 नवा रायपुर, 03 अप्रैल 2025 के माध्यम से प्रकाशित किया गया है। इस योजना के अंतर्गत कवर्धा विधानसभा में 30 नई प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसायटियों के गठन का प्रस्ताव शामिल है। इसके अंतर्गत कवर्धा विधानसभा के नवीन सोसायटी धमकी, कोठार, छांटा झा, बरहट्टी, बेंदरची, निवासपुर, बम्हनी, खड़ौदाकला, खरहट्टा, बैहरसरी, भालुचुवा, कबराटोला, बासिनछोरी, छीरबांधा, दैहानडीह, खड़ौदाखुर्द, सिली पचराही, सूखाताल, कान्हाभैरा, छीरपानी, सिंगारपुर, रक्से, जरती, मोहगांव, पथर्रा, कल्याणपुर, मोतिमपुर, खोलवा, घानुखुटा और ग्राम खिरसाली में नई प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसायटियों के गठन का प्रस्ताव शामिल है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के किसानों के उत्थान के लिए यह कदम बहुत महत्वपूर्ण है। इन 30 प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसायटियों के माध्यम से हम किसानों को समुचित वित्तीय सहायता प्रदान करेंगे और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाएंगे। हमारा उद्देश्य कृषि क्षेत्र को आर्थिक रूप से मजबूत बनाना है। इस कदम से न केवल किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा, बल्कि क्षेत्र में कृषि आधारित विकास की नई दिशा भी खुलेगी।

# बोड़ला में हनुमान जन्मोत्सव समिति धूमधाम से मनाएगी हनुमान जयंती

- हनुमान जन्मोत्सव समिति द्वारा नगर में की जा रही है जोरदार तैयारियां

हरिभूमि न्यूज ▸▸|बोड़ला



हनुमान जन्मोत्सव को लेकर नगर पंचायत बोड़ला की हनुमान जन्मोत्सव समिति की तैयारी जोरों पर है। इस कार्यक्रम में समस्त नगरवासी, व्यापारियों के सहयोग से प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी बोड़ला के अतिप्राचीन राम जानकी मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव का कार्यक्रम बड़े धूमधाम से मनाया जायेगा। समिति के द्वारा यह कार्यक्रम पिछले 14 वर्षो से लगातार मनाया जा रहा है जिसमे प्रतिवर्ष जन्मोत्सव को लेकर हर बार नई झांकी, पूजा पाठ का अनुष्ठान और अन्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी शनिवार 12 अप्रैल को जय मां शीतला जस बईहा सेवा एवं झांकी मंडली उमदा भिलाई जिला दुर्ग के द्वारा विशाल झांकी हनुमान जन्मोत्सव की शोभा बढ़ाएंगी। जिसकी तैयारी के लिए समिति के लोगों के द्वारा मंदिर प्रांगण की सजावट एवं अन्य व्यवस्था की जा रही है। शनिवार को सुबह राम जानकी मंदिर में सुन्दरकाण्ड पाठ और पूजा अर्चना कर शाम को हवन एवं आरती के पश्चात 4 बजे मंदिर से राम, लक्ष्मण और हनुमान जी की झांकी के साथ शोभा यात्रा निकाली जाएगी। जो नगर भ्रमण कर पुनः रामजानकी मंदिर पहुंचेगी और सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ कर प्रसाद एवं भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

# शुद्ध पेयजल प्रदान करना हमारा प्रथम कर्तव्यः चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी



हरिभूमि न्यूज ▸▸|कवर्धा

ग्रीष्म कालीन में शुद्ध पेयजल सप्लाई में किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो, लोगों को दोनो समय पर शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो, इसका पूर्ण ध्यान रखे।

ग्रीष्म ऋतु में पानी की समस्या ना हो इसको लेकर नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने जल प्रदाय विभाग की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में जल प्रदाय विभाग के प्रभारी सदस्य सभापति दुर्गेश अवस्थी, कार्यपालन अभियंता एमएल कुर्रे, उप अभियंता विरेन्द्र नवघरे, फिल्ड प्रभारी चंद्रिका सिंह ठाकुर भी उपस्थित रहें। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने जल प्रदाय विभाग अंतर्गत पेयजल सप्लाई व फिल्टर प्लांट हो रहे कार्यो को लेकर समीक्षा की। उन्होनें कहा कि गर्मी में पानी की समस्या उत्पन्न हो जाता है जिसे ध्यान में रखते हुए पहले से तैयारी कर लेवें। सभी पंप ऑपरेटर अपने फिल्ड प्रभारी के बिना अनुमति के अवकाश पर ना जावें। समयानुसार अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए वार्डो में पेयजल सप्लाई करें तथा वार्डो से शिकायत ना आयें इसका पूर्ण ध्यान रखे। उन्होनें कहा कि वार्ड की नागरिकों से अपना व्यवहार अच्छा रखे ताकि पेयजल सप्लाई के दौरान परेशानी ना हो।

नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शुद्ध पेयजल प्रदान करना हमारा प्रथम कर्तव्य है, नागरिकों को शुद्ध पेयजल मिले इसका पूर्ण ध्यान रखे, फिल्टर प्लांट में पर्याप्त मात्रा में एलम, ब्लीचिंग व अन्य आवश्यक सामाग्री का भंडारण करके रखे।

नगर में निकाली भगवान महावीर की भव्य शोभायात्रा, किया गया ध्वजा रोहण

# जयंती के मौके पर महावीर जन्म कल्यांनक महोत्सव का भव्य आयोजन






हरिभूमि न्यूज ▸▸|कवर्धा

सकल जैन श्री संघ कवर्धा ने प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी मगवान महावीर की जयंती धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ श्रद्धा भक्ति से मनाई। 2624 भगवान महावीर जन्म कल्याणक के अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली। इस विशाल जुलूस में बैंड की मनमोहन धुन के साथ बालाएं स्कूटर रैली में आगे चल रही थी। भगवान की पवन डोली को श्रद्धालु पूजा के वस्त्र में कंधे पर लिए चल रहे थे। श्रावक एवं श्राविकाओं द्वारा भक्ति गीत का गान श्रद्धा भाव से किया जा रहा था। इसमें युवाओं का जोश तो देखते ही बन रहा था। भगवान महावीर की इस शोभायात्रा में संसद सदस्य संतोष पाण्डेय, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्र प्रकाश चंद्रवंशी पार्षदों के साथ वरघोड़ा में सम्मिलित हुए। महावीर स्वामी चौक पर पूजन के उपरांत जैन श्री संघ अध्यक्ष नेमीचंद श्री श्री माल, सांसद संतोष पाण्डेय, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, जैन श्वेतांबर मूर्ति पूजक के संघ अध्यक्ष अजय टाटिया एवं समाज के सभी श्रावक श्राविकाओं की उपस्थिति में पूजन के उपरांत ध्वजारोहण किया गया। मार्ग में शोभायात्रा का स्वागत अन्य समुदायों द्वारा भी किया गया। शोभायात्रा का समापन जैन मंदिर परिसर में किया गया, जहां पूजन के उपरांत सामूहिक गौतम प्रसादी सभी ने ग्रहण की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में सकल जैन श्री संघ कवर्धा के सदस्यगण उपस्थित थे।

# समाज कल्याण व शिक्षा के क्षेत्र में कार्यों के लिए प्राचार्य डॉ. रमेश को मिला अवार्ड

- रवींद्रनाथ टैगोर मेमोरियल अवार्ड-2024 से सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▸▸|कवर्धा



अथक परिश्रम व उत्कृष्ट कार्यों के कारण अपना विशिष्ट पहचान बनाने वाले शासकीय हाई स्कूल छिरहा के प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी को समाज कल्याण व शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय योगदान के लिए रवींद्रनाथ टैगोर मेमोरियल अवार्ड-2024 से सम्मानित किया गया है। उन्हें यह पुरस्कार भारत सरकार के लघु, कुटीर एवं मध्यम उपक्रम मंत्रालय, इंटरनेशनल एक्रेडिएशन फोरम तथा इंटरनेशनल आर्गेनाइजेशन फॉर स्टैण्डर्डाईजेशन से पंजीकृत संस्थान डब्ल्यूएसी (वंडर, अमेजिंग, क्रिएटिव) बुक ऑफ रिकार्ड इंटरनेशनल पुणे महाराष्ट्र द्वारा प्रदान किया गया है। यह पुरस्कार सामाजिक व्यवस्था को प्रोत्साहित करने एवं शिक्षा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदान किया गया है। प्राचार्य डॉ रमेश चन्द्रवंशी इसके पहले भी कई बड़े पुरस्कार व उपलब्धि प्राप्त कर चुके हैं, जिसमें प्रमुख रूप से एक ही विश्वविद्यालय से बारह विषयों में स्नातकोत्तर उपाधि के लिए उनका नाम विश्व रिकार्ड में दर्ज होने के साथ ही इंटरनेशनल यूथ आईकॉन, अंतरराष्ट्रीय शैक्षिक पुरस्कार, नेशनल बेस्ट टीचर, नेशनल बेस्ट सोसियल वर्कर तथा इंटरनेशनल अचीवर्स अवार्ड से सम्मानित किए जा चुके हैं। इसके साथ ही उन्हें छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राज्यपाल पुरस्कार अर्थात राज्य शिक्षक पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है। उनकी इस उपलब्धि के लिए परिजनों, मित्रों, शिक्षकों व संघ पदाधिकारियों ने बधाई दिया है। डॉ. चन्द्रवंशी ने इस उपलब्धि को प्राप्त करने में प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष सहयोग प्रदान करने वालों सहित सभी शुभचिंतकों के प्रति आभार व्यक्त किया है।